• जयपुर, सोमवार, 2 सितंबर 24 • वर्ष 14 • अंक 18 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये

www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्याः RJ/JPC/D19/2024-25

RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक

राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

चमकता राजस्थान

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

सुविचार

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''

● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में दिव्यांग गर्भवती महिलाओं को सितंबर...

पेज @4 मणिपाल अस्पताल ने जीता जेएचडब्ल्यू कॉरपोरेट बॉक्स लीग का खिताब...

पेज @8 भाजपा की रीति-नीति को जन-जन तक पहुँचाये, समाज के प्रत्येक वर्ग को...

न्यूज अपडेट

बिहार में सियासत गरमाई, जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता केसी त्यागी ने पद से दिया इस्तीफा

पटना/एजेंसी। बिहार में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले सियासी हलचल तेजी हो गई है। विधानसभा चुनाव से पहले जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय प्रवक्ता केसी त्यागी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। केसी त्यागी ने निजी कारणों से पार्टी के प्रवक्ता पद से इस्तीफा दिया है। जदयू ने केसी त्यागी के इस्तीफे के बाद नए राष्ट्रीय प्रवक्ता का ऐलान भी कर दिया है। केसी त्यागी की जगह अब राजीव रंजन प्रसाद को जदयू का राष्ट्रीय प्रवक्ता घोषित किया गया है।

जनता दल यूनाइटेड के महासचिव आफाक अहमद खान ने विज्ञप्ति जारी कर कहा है, 'जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने राजीव रंजन प्रसाद को राष्ट्रीय प्रवक्ता के पद पर नियुक्त किया है। केसी त्यागी जो प्रवक्ता के पद पर पार्टी में हैं, उन्होंने निजी कारण से पार्टी के प्रवक्ता पद से इस्तीफा दे दिया है।' बताया जा रहा है कि केसी त्यागी पार्टी के राजनीतिक सलाहकार बने रहेंगे।

बता दें कि केसी त्यागी जदयू के दिग्गज नेता हैं और कई मोर्चों पर केसी त्यागी पार्टी की तरफ से बोलते नजर आए हैं। तेज तर्रार प्रवक्ता और कुशल राजनेता के तौर पर जाने जाने वाले केसी त्यागी के इस्तीफा ने सबको चौंका दिया है।

युवती को प्रेमजाल में फंसा कर कराया धर्म परिवर्तन, आरोपी गिरफ्तार

लखनऊ/एजेंसी। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में शनिवार को प्रेम प्रसंग में धर्म परिवर्तन कराने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। राजधानी लखनऊ में एक मुस्लिम युवक ने युवती को अपने प्रेमजाल में फंसाकर उसका धर्म परिवर्तन कराया और फिर तीन तलाक दे दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया। केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। मामला राजधानी लखनऊ के निगोहा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले एक गांव का है। यहां पर एक मुस्लिम युवक ने पहले अपने झूठे प्रेम जाल में एक हिंदू युवती को फंसाया और फिर उससे शादी रचाई।

कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक

सुदृढ़ कानून व्यवस्था बनाए रखना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताः मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

चमकता राजस्थान

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश में बेहतर कानून व्यवस्था बनाये रखना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अपराध के खिलाफ पुलिस जीरो टॉलरेंस की नीति से सख्त से सख्त कार्रवाई करे। उन्होंने पुलिस विभाग को पूर्ण मुस्तैदी से प्रदेश में आमजन को भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

शर्मा ने शनिवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में प्रदेश में कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने निर्देश दिए कि समस्त अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक रेंज में दौरा करें एवं जिलेवार कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ मीटिंग करें। उन्होंने पुलिस विभाग को प्रदेश में आपराधिक घटनाओं को लेकर की गई कार्रवाई एवं सकारात्मक कार्यों की जानकारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से आमजन तक पहुंचाने के लिए निर्देशित किया। शर्मा ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि साइबर क्राइम पर रोकथाम जरूरी है। इसके लिए आमजन को जागरूक किया जाए एवं अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रखें। साथ ही नारकोटिक्स से संबंधित मामलों एवं अवैध खनन पर भी त्वरित कार्रवाई करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस विभाग को बदलते समय के साथ सोशल मीडिया पर भी निगरानी रखनी है। इसके लिए आईटी विशेषज्ञों की सहायता ली जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में महिलाओं को सुरक्षित एवं भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने पुलिस विभाग के उच्चाधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रदेश में महिला सुरक्षा को लेकर कालिका यूनिट के गठन की कार्यवाही को शीघ्र पूरा किया जाए।

बैठक में गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनन्द कुमार, पुलिस महानिदेशक यू.आर. साहू, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय आलोक गुप्ता सहित पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर एडीजी रैंक के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी कल से करेंगे अपनी-अपनी रेंज का दौरा

कानून व्यवस्था, अपराधों की रोकथाम एवं लंबित प्रकरणों की करेंगे मौके पर समीक्षा

चमकता राजस्थान

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर पुलिस मुख्यालय से प्रदेश के अतिरिक्त महानिदेशक स्तर के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सोमवार से अपने प्रभार वाली पुलिस रेंज का सघन दौरा करेंगे। मुख्यमंत्री शर्मा द्वारा सीएमओ में शनिवार को ली गई गृह विभाग की समीक्षा बैठक में इस बाबत विशेष दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। पुलिस महानिदेशक डीजीपी उत्कल रंजन साहू ने बताया कि पुलिस मुख्यालय की ओर से सभी रेंज प्रभारी अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (एडीजी) को रेंज का दौरा कर कानून व्यवस्था की स्थिति एवं अपराधों की रोकथाम एवं पेंडिंग प्रकरणों की समीक्षा कर विस्तृत रिपोर्ट भिजवाने के निर्देश जारी किए गए हैं।

डीजीपी ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा समीक्षा बैठक में प्रदेश में कानून व्यवस्था और अपराध नियंत्रण की स्थिति को चाक-चौबंद बनाने के लिए अतिरिक्त सजगता बरतने को कहा गया है। इसकी पालना में सभी रेंज प्रभारी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को अपनी रेंज के पुलिस जिलों की विजिट के दौरान वहां कमजोर वर्गों, महिला व बच्चों के विरुद्ध अपराध एवं साइबर सुरक्षा से मामलों पर नियंत्रण के लिए किए जा रहे प्रयासों के साथ ही इनके पेंडिंग प्रकरणों की समीक्षा के लिए पाबंद किया गया है। इसके अलावा सभी रेंज प्रभारी एडीजी मादक पदार्थों से संबंधित मामलों पर की स्थिति एवं अन्य गंभीर प्रकृति के अपराधों पर नियंत्रण की समीक्षा कर पेंडिंग प्रकरणों के बारे में अपनी रिपोर्ट पुलिस मुख्यालय को प्रस्तुत करेंगे।

पुलिस रेंज का दौरा करेंगे ये वरिष्ठ अधिकारी

» साहू ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर एडीजी श्रीमती बिनीता ठाकुर जयपुर रेंज और जयपुर आयुक्तालय, श्री आनंद एडीजी भरतपुर रेंज, एडीजी श्री एस सेंगाथिर कोटा रेंज, एडीजी श्री सचिन मित्तल अजमेर रेंज, एडीजी श्री अनिल पालीवाल जोधपुर रेंज एवं कमिश्नरेट, एडीजी श्री बिपिन कुमार पांडेय सीकर रेंज, एडीजी श्री हवा सिंह घुमरिया बीकानेर रेंज, एडीजी डॉ प्रशाखा माथुर पाली रेंज तथा एडीजी श्री संजीब नर्जरी उदयपुर एवं बांसवाड़ा रेंज का प्रभारी के तौर पर दौरा करेंगे। साहू ने बताया की सभी रेंज प्रभारी एडीजी अपने दौरे के दौरान सुरक्षा सखियों से बात कर महिला एवं बाल अपराधों से संबंधित प्रकरणों के बारे में अलग से फीडबैक लेंगे। इसके साथ ही सभी रेंज में निर्भया स्क्वाड, एंटी रोमियो स्क्वाड और महिला हेल्पलाइन की सक्रियता और वे कैसा काम कर रही है, इसकी मौके पर विस्तार से समीक्षा की जाएगी।

तेलंगाना में भारी बारिश से रेलवे ट्रैक क्षतिग्रस्त, कई ट्रेनें रद्द

हैदराबाद/एजेंसी।

तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में हो रही भारी बारिश की वजह से दोनों राज्यों में ट्रेन यातायात बाधित हुई है। जिसकी वजह से कई ट्रेनों के मार्ग बदले गये हैं जबकि कई ट्रेनों को रद्द किया गया है।

रेलवे अधिकारियों ने रविवार को बताया कि विजयवाड़ा-काजीपेट मार्ग पर लगभग 24 ट्रेनों को रोका गया है। ट्रैक पर काफी मात्रा में जलभराव हो गया है। वहीं, विजयवाड़ा मंडल में 30 ट्रेनें रद्द कर दी गई हैं।

लगातार हो रही बारिश और बाढ़ के पानी के कारण महबूबाबाद जिले में कुछ स्थानों पर रेलवे ट्रैक क्षतिग्रस्त हो गया। महबूबाबाद के पास अयोध्या गांव में एक पानी की टंकी टूट जाने से रेलवे ट्रैक पर पानी भर गया। इसके कारण दक्षिण मध्य रेलवे को विजयवाड़ा-काजीपेट मार्ग पर ट्रेनें रद्द करनी पड़ी हैं। महबूबाबाद के पास रेलवे ट्रैक के ऊपर से पानी बह रहा था। रेलवे अधिकारियों ने सिम्हाद्री और मछलीपट्टनम एक्सप्रेस ट्रेनों को महबूबाबाद रेलवे स्टेशन पर ही रोक दिया। गौतमी, संघमित्रा कांगा-कावेरी, चारमीनार, यशवंतपुर एक्सप्रेस ट्रेनें रोकी गई हैं। भारतीय रेलवे के अनुसार, रद्द की गई ट्रेनों में विजयवाड़ा-सिकंदराबाद (12713), सिकंदराबाद-विजयवाड़ा (12714), गुंटूर-सिकंदराबाद (17201), सिकंदराबाद-सिरपुर कागजनगर (17233), सिकंदराबाद-गुंटूर (12706) और गुंटूर-सिकंदराबाद (12705) शामिल हैं। इसके अलावा रेलवे अधिकारियों ने कई ट्रेनों के मार्ग बदले हैं। विशाखापट्टनम-तिरुपति ट्रेन के विजयवाड़ा और सिकंदराबाद के सभी स्टॉपेज खत्म कर दिए गए हैं।

कांग्रेस नेता ने परिवार समेत जहर खाकर मौत को लगाया गले, 4 लोगों की गई जान

जांजगीर/एजेंसी। छत्तीसगढ़ से दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। यहां एक कांग्रेस नेता ने अपने परिवार के साथ खुदकुशी कर ली है। घटना जांजगीर-चांपा जिले की है। यहां कांग्रेस नेता ने पत्नी और दो बेटों के साथ जहर खाकर आत्महत्या कर ली। इसमें बड़े बेटे की तुरंत मौत हो गई जबकि कांग्रेस नेता, उनकी पत्नी और छोटे बेटे की हालत गंभीर बताई जा रही थी। उन्हें गंभीर हालत में बिलासपुर के सिम्स अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां तीनों ने रविवार सुबह दम तोड़ दिया। चारों की पहचान 66 साल के कांग्रेस नेता पंचराम यादव, 55 साल की उनकी पत्नी दिनेश नंदनी यादव, 28 साल के बेटे नीरज यादव और 25 साल के सूरज यादव के तौर पर हुई है। इन सभी ने 30 अगस्त को एक साथ जहर खा लिया था। बताया जा रहा है कि पूरा परिवार कर्ज से परेशान था और इसी के चलते उन्होंने यह कदम उठाया। इस घटना से इलाके में हड×कंप मच गया है।

किसी को पता न चले इसलिए उन्होंने सामने दरवाजे पर ताला लगा दिया था और पीछे के दरवाजे से वापस जाकर वहां का दरवाजा भी अंदर से बंद कर दिया था। इस खुलासा तब हुआ जब पड़ोस में रहने वाली एक लड×की उसके घर गई। दो-तीन बार आवाज लगाने के बाद भी दरवाजा नहीं खोला तो उसे कुछ अनहोनी की आशंका हुई और आसपास के लोगों को इसकी सूचना दी। जब पड़ोसी और उसके स्वजन घर अंदर गए तो सभी गंभीर अवस्था में पड़े हुए थे।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार भेंट

राजस्थान के विकास एवं ''राइजिंग राजस्थान-समिट'' को लेकर लोकसभा अध्यक्ष एवं केन्द्रीय मंत्रियों से चर्चा की

चमकता राजस्थान

जयपुर, 1 सितम्बर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को नई दिल्ली प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी से राजस्थान के समग्र विकास, प्रगति एवं जनकल्याण से संबंधित विभिन्न योजनाओं के संदर्भ में चर्चा की। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के विकास और जनहित से जुड़े हुए विभिन्न विषयों पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला से नई दिल्ली में भेंट कर चर्चा की।

शर्मा ने नई दिल्ली में ही केन्द्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण एवं केन्द्रीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर से शिष्टाचार भेंट कर प्रदेश में दिसम्बर माह में आयोजित होने वाले ''राइजिंग राजस्थान'' इन्वेस्टमेंट समिट-2024 की विस्तृत कार्ययोजना एवं प्रमुख आर्थिक क्षेत्रों में निवेश आकर्षण सहित महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा की।

वैश्विक संकेत : अमेरिकी बादशाहत का अंत निकट तो नहीं

अमेरिका विश्व के लगभग समस्त देशों पर अपनी चौधराहट सफलतापूर्वक लागू करता रहा है। पूरे विश्व में, एक तरह से लगभग समस्त क्षेत्रों में, विभिन्न प्रकार की नीतियों को प्रभावित करने में अमेरिका सफल रहा है एवं इस प्रकार अपनी प्रसारवादी नीतियों को भी लागू करता रहा है। परंतु, हाल ही के वर्षों में अमेरिका की आंतरिक स्थिति, लगभग समस्त क्षेत्रों यथा आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक आदि में लगातार बिगड़ती जा रही है। अमेरिका सहित विकसित देशों की, आर्थिक एवं सामाजिक क्षेत्र में, आंतरिक स्थिति को देखते हुए अब तो पश्चिमी सभ्यता पर ही प्रश्नचिन्ह लगने लगे हैं। अमेरिका सहित अन्य विकसित देशों में आर्थिक विपन्नता एवं परिवार तथा समाज के खंड-खंड होने के बाद पश्चिमी सभ्यता को पतित सभ्यता कहा जाने लगा है और इसे अब अमेरिकी बादशाहत के अंत की शुरुआत भी माना जाने लगा है।

अमेरिका में राष्ट्रीय ऋण 35 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का आंकड़ा पार कर गया है जबकि अमेरिकी अर्थव्यवस्था का आकार, सकल घरेलू उत्पाद के आधार पर, लगभग 25 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का है। मसलन, आय की तुलना में ऋण अधिक ले लिया गया है। अमेरिकी वित्त व्यवस्था पर दबाव इतना बढ़ा है कि अमेरिकी सरकार को अपने सामान्य खर्चों को चलाने के लिए भी बाजार से और अधिक ऋण लेने की जरूरत पड़ती है और इससे प्रति वर्ष अमेरिकी संसद में स्वीकृति लेने के लिए पहुंचना होता है। यह स्थिति है विश्व के सबसे अधिक शक्तिशाली देश अमेरिका की। वर्ष 1776 में जब पूंजीवाद के जनक कहे जाने वाले एडम स्मिथ ने अपनी कृति 'द वेल्थ आफ नेशनस' नामक किताब जारी की थी उस समय पूंजीवाद अपने शैशावस्था में ही था। उनका महत्वपूर्ण मुख्य सिद्धांत था कि व्यवसायी, जो अपनी लाभप्रदता को अधिकतम करना चाहते हैं, वे अपना व्यवसाय बहुत कुशलता से चलाना चाहते हैं। इस तरह ये व्यवसायी न केवल अपने आप को धनाडय बनाएंगे बल्कि वह देश इन धनाढ्यों के संसाधनों को जोड़कर स्वयं भी एक धनी देश बन जाएगा।

पूरी 19वीं शताब्दी एवं 20वीं शताब्दी में अमेरिका इसी सिद्धांत पर कार्य करता रहा है एवं अपने देश में धनाढ्यों की संख्या में अपार वृद्धि करता रहा है। इससे अमेरिकी नागरिकों में व्यक्तिवाद पनपा एवं वे परिवार एवं समाज के भले को भूलकर केवल अपने बारे में ही सोचने लगे एवं अपने व्यापार को पूरे विश्व में फैलाने लगे। इससे अमेरिका में गरीबों की संख्या में लगातार वृद्धि होती रही। अमेरिका की 1940 के दशक में पूरे विश्व के विनिर्माण क्षेत्र में 50 प्रतिशत की हिस्सेदारी हो गई थी, परंतु अब यह घटकर 17 प्रतिशत से भी कम हो गई है। कई उद्योगों के मामले में उत्पादन का जो एकाधिकार अमेरिका के पास होता था वह एकाधिकार अब अन्य देशों के पास चला गया है। अमेरिकी कम्पनियों ने कुशल कर्मचारियों को आकर्षित करने के उद्देश्य से कर्मचारियों के स्वास्थ्य खर्चे की पूरी लागत स्वयं वहन करना प्रारंभ किया था। अमेरिका में श्रम लागत भी बहुत अधिक बढ़ चुकी थी, अन्य देशों में श्रमिक, अमेरिकी श्रम लागत की तुलना में, आधी से भी कम राशि में ही काम करने को तैयार हो रहे थे। इस बीच अमेरिकी सरकार ने आय कर की दरें भी बढ़ाकर 35 प्रतिशत से अधिक कर दी थीं। जबकि अन्य देशों में आय कर की दरें 20/25 प्रतिशत थीं। इससे अमेरिका में विभिन्न उत्पादों की उत्पादन लागत बढ़ने लगी। अतः धीरे-धीरे अमेरिका में विनिर्माण इकाईयां बंद होने लगीं। वर्ष 1979 में अमेरिका में 20 प्रतिशत श्रमिक विनिर्माण इकाईयों में कार्यरत थे अब यह संख्या घटकर 10 प्रतिशत से भी कम हो गई है। अमेरिका में 2 करोड़ कर्मचारी विनिर्माण इकाईयों में कार्य कर रहे थे जो घटकर 1 करोड़ 20 लाख हो गए हैं। अमेरिका में जब प्रथम राष्ट्रपति ने शपथ ली थी उस समय 10 श्रमिकों में से 9 श्रमिक कृषि क्षेत्र में कार्यरत थे (छोटे कृषक) जबकि आज केवल 2 प्रतिशत श्रमिक ही कृषि क्षेत्र में कार्य करते हैं।

इस प्रकार अमेरिका में रोजगार की दृष्टि से कृषि एवं उद्योग क्षेत्र में बहुत अधिक संकुचन हुआ है। 1950 के दशक से लेकर अमेरिका में स्टील उद्योग, कपड़ा उद्योग (वस्त्र, परिधान एवं टेक्सटाइल), उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग लगभग समाप्त से हो गए हैं। वाहन उद्योग के क्षेत्र की बड़ी-बड़ी कम्पनियों ने अपनी विनिर्माण इकाईयां चीन आदि देशों में स्थापित की हैं। साथ ही, जापान की कई कम्पनियों ने वाहन के क्षेत्र में अमेरिका में आकर अपनी विनिर्माण इकाईयों की स्थापना की है। इस प्रकार, कुल मिलाकर उक्त उद्योगों में अमेरिकी मूल के नागरिकों के लिए रोजगार के अवसर बहुत कम हो गए हैं अथवा बिलकुल ही समाप्त हो गए हैं। अमेरिका में उपयोग हो रहे स्मार्ट सेल फोन के 50 प्रतिशत से अधिक उपकरण आयात किए जा रहे हैं एवं इनका उत्पादन अमेरिका में नहीं हो रहा है। ब्यूरो ऑफ लेबर स्टेटिस्टिक्स- मासिक लेबर रिव्यू दिसम्बर 2016 के अनुसार, अमेरिका में प्रति घंटा वास्तविक मजदूरी दर-वर्ष 1947 में 5.35 अमेरिकी डॉलर थी जो वर्ष 1973 में बढ़ कर 9.26 अमेरिकी डॉलर हो गई। परंतु, उसके बाद से लगभग उसी स्तर पर बनी हुई है जो वर्ष 2015 में 9.07 अमेरिकी डॉलर थी। वर्ष 1947 से 1973 के बीच प्रति घंटा वास्तविक मजदूरी दर 73 प्रतिशत से बढ़ी थी जबकि इसी दौरान उत्पादकता में 95 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। वहीं, वर्ष 1973 से 2015 के बीच प्रति घंटा वास्तविक मजदूरी दर 3 प्रतिशत कम हुई है और उत्पादकता 109 प्रतिशत बढ़ी है। इस बीच रोजगार के नए अधिकतम अवसर उच्च मजदूरी वाले क्षेत्रों से घटकर कम मजदूरी वाले क्षेत्रों में बढ़े हैं। जैसे विनिर्माण इकाईयों के बंद होने से भारी संख्या में श्रमिक वर्ग को सेवा क्षेत्र में कम मजदूरी के रोजगार स्वीकार करने पड़े है। वर्ष 1979 के बाद से 40 प्रतिशत से अधिक रोजगार के अवसर विनिर्माण क्षेत्र में कम हुए हैं। साथ ही, तकनीकी विकास ने भी उत्पादकता तो बढ़ाई है परंतु मजदूरी की दरें नहीं बढ़ पाई हैं। अमेरिका में समय के साथ-साथ विनिर्माण इकाईयां बंद होती गईं एवं उच्च तकनीकी, सूचना आधारित सेवा क्षेत्र में, सूचना प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्र में, रोजगार के अधिक अवसर उभरते गए।

अब तो आउट्सॉर्सिंग के चलते सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में भी रोजगार के अवसरों पर विपरीत प्रभाव पड़ता दिखाई दे रहा है। अतः अमेरिका में आने वाले समय में विनिर्माण इकाईयों के साथ साथ सेवा क्षेत्र में भी रोजगार के अवसरों में कमी आ सकती है। उक्त कारणों के चलते अमेरिका में गरीबी की चपेट में आने वाले लोगों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। गरीबी के चलते इस वर्ग के बच्चों को शिक्षा नहीं मिल पाती है, यह वर्ग बहुत ही तंग हालत में रहता है एवं अंततः सामाजिक अपराधी गतिविधियों में संलग्न हो जाता है। इनके मकानों में बहुत कम सुविधाएं उपलब्ध रहती हैं। अमेरिका में गरीबी रेखा का निर्धारण अमेरिका के कृषि विभाग द्वारा प्रति वर्ष किया जाता है। वर्ष 2015 में गरीबी आंकलन के लिए प्रत्येक चार व्यक्तियों के परिवार के लिए प्रतिवर्ष 24,300 अमेरिकी डॉलर की आय तय की गई थी। इससे कम आय वाले परिवार गरीबी रेखा के नीचे माने जाते हैं। आय की उक्त गणना के आधार पर अमेरिका में 13.5 प्रतिशत परिवार (4.31 करोड़ अमेरिकी नागरिक) गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे थे।

अरबपति दानवीर भी बन जाएं तो कुछ बात बने

आरके सिन्हा

अभी कुछ दिन पहले एक खबर मीडिया की सुर्खियों में थी कि भारत की वित्तीय राजधानी मुंबई अब एशिया की 'अरबपतियों की राजधानी' बन गई है। हुरुन इंडिया रिच लिस्ट 2024 के अनुसार, मुंबई में चीन के राजधानी शहर बीजिंग से भी ज़्यादा अरबपति व्यक्ति रहने लगे हैं। भारत में मुंबई के बाद सबसे ज्यादा अरबपति अब दो और महानगरों नई दिल्ली और हैदराबाद में रहते हैं। उम्मीद करनी चाहिए कि देश में अरबपतियों की तादाद देश में विकास की रफ़्तार के साथ बढ़ती ही रहेगी। अरबपति छोटे शहरों और कस्बों में भी बने। पर भारत को फिलहाल सैकड़ों-हजारों दानवीर भी चाहिए।

भारत, अपने युवा और विविध जनसंख्या के बावजूद , दुनिया की सबसे तेजी से विकसित होने वाली अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। हालांकि, फ़िलहाल इसकी समृद्धि असमान रूप से वितरित है। लाखों लोग गरीबी, भुखमरी, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा तक की पहुँच से वंचित हैं। इस असमानता को कम करने और भारत को एक समृद्ध और न्यायपूर्ण राष्ट्र बनाने के लिए अधिक से अधिक दानवीरों की आवश्यकता है। हमें इस तरह के दानवीर चाहिए जो हर साल बड़ी राशि स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्रों में खर्च करें। यह संतोष का विषय है कि बिल गेट्स ने अपनी समृद्धि का उपयोग मानवता की सेवा में किया है। उनके द्वारा स्थापित बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन ने वैश्विक स्वास्थ्य, शिक्षा और विकास के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान दिया है। भारत में स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में बड़ी चुनौतियाँ हैं, जिसमें गरीबों के लिए स्वास्थ्य सेवा तक पहुँच सीमित है। बेशक, दानवीर स्वास्थ्य सेवा में निवेश करके, नई तकनीकों और दवाओं को विकसित करने में मदद कर सकते हैं। वे गरीबों के लिए स्वास्थ्य सेवा की पहुँच को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में अस्पतालों और क्लिनिकों का निर्माण कर सकते हैं।

भारत में शिक्षा प्रणाली में भी सुधार की बड़ी आवश्यकता है। इस क्षेत्र में बहुत सारे दानवीरों को निवेश करना चाहिए। वे शिक्षा के क्षेत्र में निवेश करके, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। समृद्ध दानवीर शिक्षकों के प्रशिक्षण, स्कूलों का आधुनिकीकरण और नए शिक्षण उपकरणों का विकास जैसे क्षेत्रों में निवेश कर सकते हैं। यह कोई नहीं कह रहा है कि हमारे यहां दानवीर शिक्षा या हेल्थ सेक्टर में निवेश नहीं करते। पर इन दोनों क्षेत्रों में शत प्रतिशत सरकार के भरोसे भी तो नहीं रहा जा सकता। सरकार की भी अपनी सीमाएं हैं। इसके साथ ही भारत में गरीबी और असमानता को दूर करने के लिए बड़े पैमाने पर चहुँमुखी सामाजिक विकास की आवश्यकता है। दानवीर गरीबों को रोजगार के अवसर प्रदान करने और उनकी आय बढ़ाने में मदद कर सकते हैं। वे ग्रामीण विकास, कृषि, स्वरोजगार और महिलाओं के सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में निवेश कर सकते हैं।

भारत जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से जूझ रहा है। इस स्थिति का सामना करने के लिए हमारे दानवीर नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को विकसित करने और पर्यावरण संरक्षण के लिए नवाचारों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।



वे जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए जल संरक्षण और ज़्यादा पानी अवशोषित करने वाले गेहूँ, धान और गन्ना के उत्पादन छोड़ कर या कम करके परंपरागत मोटे और छोटे अनाजों के उत्पादन को बढ़ावा देने का अभियान चला सकते हैं। एक किलो धान के उत्पादन में जहाँ 8000 लीटर , एक किलो गेहूँ उत्पादन में 10,000 लीटर पानी और एक किलो चीनी के उत्पादन में 28,000 लीटर पानी का व्यय होता है, वहीं एक किलो छोटे अनाज कोदो, कँगनी, कुटकी , साँवा और हरा सावाँ के उत्पादन में मात्र 100 से लेकर 300 तक ही पानी की आवश्यकता पड़ती है। इसी प्रकार, हर तरह के दूरगामी और टिकाऊ विकास को बढ़ावा देने के लिए भी दानवीर अरबपति पर्यावरणीय संगठनों को समर्थन दे सकते हैं।

मैं अपना खुद का उदाहरण देना चाहूँगा। मैं 1966 से लेकर 1975 में स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गाँधी द्वारा लगायी गई इमरजेंसी के पूर्व तक उस समय भारतवर्ष के दो बड़े मीडिया संस्थानों में से एक में विशेष संवाददाता था। तनख़्वाह थी मात्र 230 रुपए प्रतिमाह। संपादकीय पृष्ठ पर एक लेख लिखने पर प्रति लेख 10 रुपए अलग से मिल जाते थे। लोकनायक जयप्रकाश नारायण की प्रेरणा और आशीर्वाद से भूतपूर्व सैनिकों के पुनर्वास के लिये एक छोटा-सा सेवामूलक कार्य शुरू किया और तीन लाख भूतपूर्व सैनिकों और बेरोज़गार युवक-युवतियाँ को रोज़गार दिया। आज उन संस्थाओं का वार्षिक कारोबार लगभग 13,000 करोड़ का है। संतोषप्रद लाभ भी है। लेकिन, मैं अपने लाभाँश का लगभग 95% अपने पूज्य माता और पिताजी की स्मृति में स्थापित ''अवसर ट्रस्ट'' के माध्यम से ज़रूरतमंद लोगों की शिक्षा, चिकित्सा, बिना दहेज विवाह, किसी भी तरह की समाज सेवा करने वाली संस्थाओं की सहायता में खर्च करता हूँ। इससे जो आत्मीय संतुष्टि मिलती है, उसका वर्णन करना संभव नहीं है। धन की गति या तो व्यभिचार के लिये होगी या सद्कार्यों के लिये! अरबपतियों को एक ही रास्ता चुनना होगा। नोटों की गड्डी पर न तो आज तक कोई जला है, न जलेगा। तब बुद्धिमत्तापूर्वक सबको यह सोचना चाहिये कि संचित धन का सदुपयोग करना है या दुरुपयोग?

नए-नए करोड़पतियों और अरबपतियों को अनुसंधान और विकास में भी निवेश करना चाहिए। ये दानवीर वैज्ञानिक अनुसंधान, तकनीकी नवाचार और नए क्षेत्रों में निवेश करके, भारत को वैज्ञानिक और तकनीकी क्षेत्र में नेता बनने में मदद कर सकते हैं। वे नए उद्यमों को शुरू करने और भारत को वैश्विक अर्थव्यवस्था में और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए निवेश कर सकते हैं। इंफोसिस टेक्नोलॉजीज के को-फाउंडर नंदन नीलेकणि शिक्षा के क्षेत्र में बहुत दान देते हैं। उन्होंने कुछ समय पहले इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) बॉम्बे को 315 करोड़ रुपए दान किये। इससे पहले भी, उन्होंने आईआईटी बॉम्बे को 85 करोड़ रुपए दान किया था। यानी अब तक वो आईआईटी बॉम्बे को करीब 400 करोड़ रुपये का दान कर चुके हैं।

दरअसल देश के विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के सफल छात्रों को अपने शिक्षण संस्थानों की आर्थिक मदद करनी चाहिए। इन संस्थानों को सरकार की मदद के सहारे पर नहीं छोड़ा जा सकता है। अमेरिका में पूर्व छात्र अपने कॉलेजों और विश्वविद्यालयों की भरपूर मदद करते हैं। पूर्व छात्रों की मदद से ही उनके शिक्षण संस्थानों में रिसर्च और दूसरी सुविधाएं बढ़ाई जा सकती हैं।

नीलकेणी की सबसे बड़ी कामयाबी आधारकार्ड है। देश के हर नागरिक को एक विशिष्ट पहचान संख्या या यूनिक आइडेंटिफिकेशन नम्बर को उपलब्ध करवाने का विचार उन्होंने ही सफलतापूर्वक चलाया था। इसमें दो राय नहीं कि भारत में नंदन नीलकेणी जैसे दानवीरों की संख्या को बढ़ाना होगा। अजीम प्रेमजी और शिव नाडर जैसे अरबपति दानवीर भी देश के युवाओं को सामाजिक उद्यमिता, सामुदायिक विकास और सामाजिक बदलाव के लिए प्रेरित कर सकते हैं। वे भारत के संसाधनों का प्रभावी उपयोग करके, गरीबी को दूर करने और मानवता की सेवा करने के लिए सहायता भी कर सकते हैं।

कभी-कभी मन उदास हो जाता है कि भारत में दानवीरों की काफी कमी हैं। देखिए भारत में अब भी धनी लोग समाज के लिए धन देने से कतराते हैं। उन्हें लगता है कि उनका टैक्स देना ही काफी है। यह सोच बदलनी होगी। फिर भारत में भ्रष्टाचार व्याप्त है, जिससे लोगों को दान करने के लिए प्रेरित करने में कठिनाई होती है। उन्हें डर लगता है कि उनके दान का गलत उपयोग किया जाएगा। कई मामलों में यह होता भी है। फिर कई लोग दान के बारे में जानकारी नहीं रखते हैं या वे यह नहीं जानते कि वे दान कैसे कर सकते हैं।

इस बीच, यह कहना सही नहीं है कि यूरोप और अमेरिका में भारत से ज़्यादा दानवीर हैं। दानवीरता किसी भी देश या संस्कृति तक सीमित नहीं है। हर जगह अच्छे दिल वाले लोग होते हैं जो दूसरों की मदद करने को तैयार रहते हैं। हर देश के अपने-अपने दान करने के तरीके हैं और हर व्यक्ति की अपनी ज़रूरतें और सीमाएँ होती हैं। दानवीरता किसी भी व्यक्ति की व्यक्तिगत पसंद और क्षमता पर निर्भर करती है, न कि किसी देश या संस्कृति पर। हमारे यहां बहुत से लोग मशहूर खिलाड़ियों और फिल्मी सितारों से शिकायत करते रहते हैं कि वे चैरिटी नहीं करते। हालांकि सच यह है कि कई सेलिब्रिटी अपने दानों के बारे में सार्वजनिक नहीं होने देना चाहते। उनका मानना हो सकता है कि दान करना निजी मामला है और इसे सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करने की जरूरत नहीं है। कुछ सेलिब्रिटी किसी विशिष्ट कारण के प्रति सहानुभूति महसूस नहीं करते हैं। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि सभी सेलिब्रिटी एक समान नहीं होते हैं। कुछ बहुत दानवीर होते हैं, जबकि कुछ नहीं भी करते हैं। इसलिए, यह मान लेना गलत होगा कि सभी सेलिब्रिटी दान नहीं करते हैं।

(लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)

पूर्वोत्तर में बढ़ती रेल दुर्घटनाएं केवल लापरवाही है या आतंकी षड्यंत्र?

रमेश शर्मा

भारत के पूर्वोत्तर में होने वाली रेल दुर्घटनाओं में अचानक वृद्धि देखी गई। इन दुर्घटनाओं ने यह प्रश्न भी खड़ा किया कि दुर्घटनाओं की यह वृद्धि केवल मेन्टेनेन्स का अभाव है या कोई आतंकवादी षड्यंत्र। जून, जुलाई और अगस्त के तीन माह में बंगाल, झारखंड, उड़ीसा और असम रेलवे परिक्षेत्र में छह बड़ी रेल दुर्घटनाएं हुईं। और दो होते-होते बचीं। इनमें चार दुर्घटनाओं में रेलगाड़ियां पटरी से उतरीं और दो रेलगाड़ियाँ गलत पटरी पर चलीं गईं और दूसरी रेलगाड़ी से टकरा गईं। जो दो रेलगाड़ियां दुर्घटना से बच गईं, इन दोनों की रेल पटरी पर लकड़ी रखी पाई गई थी। यदि चालक गाड़ी नहीं रोकता तो दुर्घटना अवश्य होती। दोनों में लकड़ी रखे होने का तरीका एक-सा था। यही बात चौंकाने वाली थी। क्या एक ही तरह से दो पटरियों पर लकड़ी का मिलना सामान्य संयोग ही था या किसी षड्यंत्र का हिस्सा? एक ही तरीके से दो रेल पटरियों पर लकड़ी मिलने की घटना से ही सबका ध्यान दुर्घटनाओं की ओर ध्यान आकर्षित हुआ और जांच एजेन्सियों ने सभी ऐंगल पर सोचना शुरू किया।

जो छह बड़ी रेल दुर्घटनाएँ हुईं, उनमें एक दुर्घटना पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के अंतर्गत एक मालगाड़ी और कंचनजंगा एक्सप्रेस के बीच हुई। इस घटना में मालगाड़ी सिंग्नल की त्रुटि से गलत ट्रेक पर चली गई थी और अगरतला से सियालदह, कोलकाता जा रही कंचनजंगा एक्सप्रेस को पीछे से टक्कर मार दी। एक दुर्घटना झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले के बीच हुई। इसमें मुंबई-हावड़ा मेल के 18 डिब्बे पटरी से उतर गए। इस दुर्घटना में दो लोगों की मौत हुई और 20 लोग घायल हुये। एक रेल दुर्घटना झुलाही रेलवे स्टेशन के समीप हुई। यह रेल डिब्रूगढ़ जा रही थी। इस ट्रेन के 21 डिब्बों में से पांच डब्बे पटरी से उतर गये। पटरी से उतरने वाले पाँचों डिब्बे एसी थे। इस ट्रेन के लोको पायलट ने टक्कर से ठीक पहले जोरदार धमाका सुनने का

दावा किया है। केंद्र सरकार ने घटना की उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। एक अन्य रेल दुर्घटना पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना के खरदाह रेलवे स्टेशन पर 14 जुलाई की रात हुई। इसमें एक यात्री ट्रेन दो डिब्बों से टकरा गई। यह हज़ारदुआरी एक्सप्रेस रेलवे की लाइन नंबर चार पर खरदाह स्टेशन के पास पहुँच रही थी। तभी पटरियों पर फंस गई और बड़ी दुर्घटना होते होते बच गई।

एक अन्य रेल दुर्घटना असम के अमीनगांव में हुई। झारसुगुड़ा (ओडिशा) जाने वाली गाड़ी मालगाड़ी से टकरा गई। इसमें लोको पायलट और एक्सप्रेस ट्रेन के ट्रेन मैनेजर सहित कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और लगभग 50 अन्य घायल हो गए। यह दार्जिलिंग जिले के सिलीगुड़ी सबडिवीजन का मामला है। रेल के पटरी से उतरने की एक दुर्घटना ओडिशा प्राँत के भुवनेश्वर में हुई। ट्रेन के पटरी से उतरने के बाद किसी प्रकार कोई जनहानि या संपत्ति की क्षति नहीं हुई। केवल दो रेलगाड़ियां रद्द कीं गईं और छह रेलगाड़ियों के समय में परिवर्तन किया गया। और कुछ गाड़ियों को रोका गया।

एक रेल दुर्घटना उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले में मोतीगंज और झुलाही रेलवे स्टेशनों के बीच हुई। इसमें रेलगाड़ी के कई डिब्बे पटरी से उतर गए, जिसमें कम से कम चार लोगों की मौत हुई और 30 लोग घायल हुये। एक दुर्घटना फतेहगढ़ साहिब के सरहिंद रेलवे स्टेशन पर हुई इसमें एक खड़ी मालगाड़ी को पीछे से एक अन्य ट्रेन ने टक्कर मार दी, जिससे दो लोको पायलट घायल हो गए। इस टक्कर का कारण इंजन का दूसरी पटरी पर चला जाना था जो सिग्नल की त्रुटि से हुआ। सभी दुर्घटनाओं में दो ही कारण रहे। एक रेलगाड़ियों का पटरी से उतरना और दूसरा सिंग्नल की त्रुटि से इंजन का दूसरी पटरी पर चले जाना। गाड़ियों का पटरी से उतरने की घटनाओं में अचानक हुई वृद्धि आश्चर्यजनक है उसी प्रकार सिग्नल त्रुटि भी।

पहली तीन रेल दुर्घटनाओं को लापरवाही ही माना गया था लेकिन एक लोको पायलट द्वारा धमाके की आवाज सुनने का दावा करना और दो रेल पटरियों पर एक ही तरीके से लकड़ी के मिलने से इन बढ़ती रेल दुर्घटनाओं ने गंभीरता को बढ़ा दिया है। इसके साथ पर सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ। जिसमें एक किशोरवय लड़का रेल पटरी की फिश प्लेट ढीली करता हुआ दिखाई दे रहा है। जाँच एजेन्सियाँ इस वीडियो की सच्चाई पता लगा रहीं हैं।

इन बढ़ती रेल दुर्घटनाओं में आतंकवादी ऐंगल होने का संदेह निराधार भी नहीं हैं। इस पूरे क्षेत्र में बांग्लादेशी नागरिकों की घुसपैठ बढ़ रही है। जिसे असम, बंगाल, झारखंड आदि प्रांतों आबादी के बढ़ते स्वरूप से समझा जा सकता है। भारत की सीमा से लगे बांग्लादेश के गाँव में बांग्लादेश की कट्टरपंथी संस्था जमात-ए-इस्लामी का प्रभाव क्षेत्र है।

पिछले दिनों बांग्लादेश के सत्ता परिवर्तन के लिये हुये छात्र आँदोलन के पीछे इसी संस्था की योजना मानी गई है। बांग्लादेश में उग्र हुये छात्र आँदोलन के साथ ही भारत में रेल दुर्घटनाओं को बढ़ने के पीछे भारत में इसी संस्था के स्लीपर सेल की सक्रियता मानी जा रही है। ये स्लीपर सेल लंबे समय से पूरे पूर्वोत्तर में सक्रिय होकर अपने प्रभाव क्षेत्र का विस्तार कर रहे हैं। इसकी झलक हाल ही असम के मुख्यमंत्री हेमन्त बिस्वा के बयानों से मिली। यदि इन दुर्घटनाओं के पीछे बांग्लादेश के इन स्लीपर सेल का हाथ न हो तब भी बांग्लादेश की घटनाओं से वहाँ के कट्टरपंथियों की बढ़ती गतिविधियाँ और नई सरकार के निर्णयों से भारत सरकार और समाज को अतिरिक्त सावधान रहने की आवश्यकता है।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

शिक्षा के पथ पर : आनंदमय शिक्षण की राह दिखाती पुस्तक

डॉ. सतीश चन्द्र भगत

बच्चों की शिक्षा के लिए घर- परिवार से लेकर विद्यालय के शिक्षक और समाज के लोग भी चिंतित रहा करते हैं। बड़ी-बड़ी योजनाएँ सरकारी स्तर पर बनती हैं। भारत शिक्षा के क्षेत्र में विश्व गुरु था। यहाँ नालंदा विश्वविद्यालय, विक्रमशिला विश्वविद्यालय, तक्षशिला विश्वविद्यालय जैसे अनेक शिक्षण संस्थान थे, जहाँ भारत के अलावे अन्य देशों से भी शिक्षा प्राप्त करने के लिए विद्यार्थी आते थे। लेकिन, आज स्थिति इसके विपरीत है। भारत की शिक्षा की बेहतरी हेतु बड़े-बड़े आयोग आए। राधाकृष्णन आयोग, कोठारी आयोग आदि। और अब नई शिक्षा नीति-2020 भी। समय- समय पर शिक्षा में नये-नये प्रयोग हो रहें हैं। शिक्षकों को समय-समय पर प्रशिक्षित भी किया जाता है। परन्तु, लगभग सभी दिन समाचार पत्रों में शिक्षा की स्थिति अच्छी नहीं है, सुधारने की जरूरत है जैसे समाचार आते रहते हैं। सरकारी स्तर पर काफी प्रयास भी किया जाता है, लेकिन, शिक्षा के मार्ग पर बाधाओं की भरमार है। ऐसे में बहुत सारे शिक्षक आगे बढ़कर नये- नये तकनीकों का प्रयोग भी करते हैं। कुछ हद तक सफलता भी मिलती है। बहुत सारी पुस्तकें भी लिखी गई और लिखी जा रही हैं। इसी कड़ी में एक अच्छी और पठनीय पुस्तक शिक्षक लेखक प्रमोद दीक्षित मलय ने राष्ट्रीय बाल संगोष्ठी मानिला (उत्तराखंड) में 9 जून-2024 को हस्तगत कराया। जिसका नाम है - शिक्षा के पथ पर। नयनाभिराम आवरण पृष्ठ है पुस्तक का।

लेखक प्रमोद दीक्षित मलय ने इस पुस्तक को अपने माता-पिता और रचनाधर्मी शिक्षक-शिक्षिकाओं को समर्पित किया है। लेखक अपनी बात 'शिक्षा के पथ पर बढ़ते हुए' शीर्षक से घर-परिवार, शिक्षक, अभिभावक सभी के प्रति आभार व्यक्त किया है। इस पुस्तक की भूमिका प्रेमपाल शर्मा ने 'सही शिक्षा का रास्ता' शीर्षक से लिखा है। वे लिखते हैं कि प्रमोद दीक्षित मलय जैसे संवेदनशील शिक्षक की पुस्तक 'शिक्षा के पथ पर' हर शिक्षक और अभिभावक के पास होनी चाहिए"

इस पुस्तक में 21 आलेख हैं। सभी आलेख एक से बढ़कर एक हैं। विभिन्न शीर्षकों में विभक्त आलेखों में पहला आलेख है- 'भाषा की कक्षा में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एवं

अवसर'। इस आलेख में लेखक ने कहा, "बच्चों को मौलिक चिंतन के पर्याप्त अवसर दिये जाने चाहिए।"

दूसरा आलेख 'सीखने- सिखाने की प्रक्रिया को गति देते हैं समूह गीत' शीर्षक से लिखा गया है। लेखक प्रमोद दीक्षित मलय का कहना है कि शिक्षण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों में गीतों का महत्व निर्विवाद स्वीकार्य है। आगे उनका कहना है कि "बच्चों के पढ़ना-लिखना सीख सकने में गीतों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है" यह तो निश्चित रूप से बच्चों को कोई विशेष समझने में सहायक सिद्ध होगा, इसमें दो राय नहीं है।

'और ताला खुल गया' लेख में लेखक ने कहा कि एक संवेदनशील शिक्षक जो उस मनोविज्ञान को समझता हो, जो गाँव के किसान-मजदूर का रोष समझता हो, उनका दर्द समझता हो, उनके साथ बातचीत करने से रास्ता निकलता है। ऐसे अनुभव से भरा हुआ लेख वास्तव में पठनीय ही नहीं समसामयिक भी है। आगे लेख है 'बाल संसद के रास्ते' बच्चों के विकास में इस आलेख की अहम भूमिका है। एक लेख है "बदलाव की आधारभूमि बनती दीवार पत्रिका" ऐसी गतिविधियों के माध्यम से पत्रिका के बारे में बच्चों की समझ बढ़ सकती है और अधिक दिनों तक उनके स्मृति पटल पर अंकित भी रहेगा।

'शैक्षिक संसाधन और गुणवत्ता : कुछ जरूरी प्रश्न' लेख भी सराहनीय है। 'विज्ञान की कक्षा में एक दिन' शीर्षक लेख में लेखक ने कहा है कि "रटवाने की बजाय बच्चों को उनके परिवेशीय ज्ञान से जोड़ते हुए चर्चा कर समझ विकसित करते हुए अधिकाधिक प्रश्न करने और अभिव्यक्ति के सहज अवसर उपलब्ध कराने चाहिए।"

'रोचक गतिविधियों द्वारा भाषा शिक्षण : एक प्रयोग' लेख भी अच्छा है। लेखक का कहना है कि "यदि शिक्षक सीखने- सिखाने की प्रक्रिया में ऐसी रोचक खेल गतिविधियाँ जोड़ सकें तो बच्चों का न केवल सीखना आनन्दमय हो सकेगा बल्कि वे प्रतिदिन बिना नागा विद्यालय पहुँचने को लालायित भी रहेंगे।" आलेख "शिक्षक के बनने में किताबों की भूमिका : मेरे अनुभव।" में लेखक का विचार है कि शिक्षक यदि पाठ्यक्रम की पुस्तकों के अलावा अन्य पुस्तकों का अध्ययन करते हैं तो निश्चित रूप से बच्चों के प्रश्नों को रोचक ढंग से समझा सकते हैं। स्वाभाविक है कि परिणाम अच्छे आएंगे।

कुछ कविताएँ भी आगे दी गई है, जो इस प्रकार है- उसे कुछ नहीं आता, सुनो शिक्षकों, सुबह की घंटी, शाम की घंटी, बच्चे, होमवर्क । सभी कविताएँ सवाल उठाती और नये रास्ते खोलती दिखती हैं। 'दिवास्वप्न के आलोक में वर्तमान शैक्षिक परिदृश्य, बच्चों की रचनात्मकता में बाधक होमवर्क, ज्ञान सर्जना का मुक्त प्राकृतिक मंच है शैक्षिक भ्रमण, प्राथमिक शिक्षा में विज्ञान शिक्षण की चुनौती भरी राह, कक्षा में बच्चों से बातचीत भी सुन्दर और पठनीय आलेख हैं जिनमें शिक्षा के विभिन्न मुद्दों पर समस्याओं के समाधान दिए गए हैं।

महिला शिक्षा : अतीत से वर्तमान तक एक महत्वपूर्ण लेख है, क्योंकि महिलाओं को शिक्षित होना किसी भी परिवार, समाज और देश के लिए बहुत जरूरी है। "पढ़ने की संस्कृति पर स्कूली शिक्षा का दबाव, गिजूभाई बधेका : शैक्षिक प्रयोगों का धनी व्यक्तित्व, उम्मीद जगाते शिक्षकों के सम्मान का दिन, बालिकाओं में शिक्षा के प्रति रुचि जगाता मीना मंच, बच्चों की रचनात्मकता को दिशा देती दीवार पत्रिका आदि आलेख भी 'शिक्षा के पथ पर' पुस्तक के उपयोगी और पठनीय आलेख है। अस्तु, पुस्तक के लेखक प्रमोद दीक्षित मलय को सुन्दर और पठनीय पुस्तक के लिए बहुत- बहुत साधुवाद। रुद्रादित्य प्रकाशन प्रयागराज से प्रकाशित साफ-सुथरी छपाई और पीले मोटे कागज पर मुद्रित 'शिक्षा के पथ पर' पाठकों, समीक्षकों के मध्य सराही जायेगी।

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में दिव्यांग गर्भवती महिलाओं को सितंबर से मिलेंगे 10000 रूपये

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु मज़बूत कदम : दिया कुमारी

चमकता राजस्थान

जयपुर, 01 सितम्बर। उपमुख्यमंत्री व महिला एवं बाल विकास मंत्री दिया कुमारी ने बताया कि 2024-25 में प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना (पीएमएमवीवाई) के अन्तर्गत दिव्यांग गर्भवती महिलाओं को प्रथम सन्तान के लिए वर्तमान में दी जा रही राशि 6500 रूपये के स्थान पर 01 सितंबर से बढ़ाकर 10 हजार रूपये किया गया है। उन्होंने बताया कि यह योजना महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु मज़बूत कदम है।

दिया कुमारी ने बताया कि दिव्यांग महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान तथा संतान के जन्म के पश्चात अधिक पौष्टिक आहार मिल सके इस हेतु उक्त राशि में बढ़ोतरी कर उसे 10 हजार रूपये किया गया है। इसके साथ ही माँ और बच्चें का बेहतर स्वास्थ्य हो तथा टीकाकरण सुनिश्चित हो सके इस हेतु उक्त प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। उन्होंने कहा कि यह 3500 रूपये की अतिरिक्त राशि 100 प्रतिशत राज्य निधि से डीबीटी के माध्यम से दी जाएगी।

निदेशक समेकित बाल विकास सेवाएं ओपी बुनकर ने बताया कि राज्य सरकार ने परिवर्तित बजट वर्ष 2024-25 में प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना (पीएमएमवीवाई) के अन्तर्गत दिव्यांग गर्भवती महिलाओं को प्रथम सन्तान के लिए वर्तमान में दी जा रही राशि 6500 रूपये को 01 सितंबर से बढ़ाकर 10 हजार कर दिया है।

बुनकर ने बताया कि योजना के अनुसार प्रथम किश्त का भुगतान आंगनबाड़ी केन्द्र पर पंजीकरण एवं कम से कम एक प्रसव पूर्व स्वास्थ्य जांच पर पूर्व में 3000 रूपये दिये जाते थे। जिसे बढ़ाकर 4000 रूपये कर दिया गया है। बच्चे के जन्म पर पूर्व में मिलने वाले 1500 रूपये की द्वितीय किश्त को बढ़ाकर 3000 रुपये कर दिया गया है। बच्चे के जन्म का पंजीकरण एवं प्रथम चरण के सम्पूर्ण टीकाकरण पर चौदह सप्ताह की आयु तक के सभी टीके पूर्ण करवाने पर मिलने वाली तीसरी किश्त 2000 रूपये को बढ़ाकर 3000 रुपये कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि बढ़ी हुई राशि 3500 रूपये ऐसी महिलाएं को देय है जो आआंशिक रूप से (40 प्रतिशत) अथवा पूरी तरह से अक्षम है। उन्हें डीबीटी के माध्यम से उक्त राशि दी जाएगी।

'राष्ट्रीय पोषण माह 2024' का आयोजन

» उपमुख्यमंत्री व महिला एवं बाल विकास मंत्री दिया कुमारी ने यह भी बताया कि 1 सितम्बर से प्रदेश में 'राष्ट्रीय पोषण माह 2024' का आयोजन किया गया है। जिसमें महिलाओं और बच्चों का पोषण को बढ़ावा देने, उनके बेहतर स्वास्थ्य की गतिविधियां संचालित करने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण और पोषण भी पढ़ाई भी को लक्षित किया गया है। आईसीडीएस निदेशक ओपी बुनकर ने बताया कि महिलाओं और बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और पोषण को सुनिश्चित करने के लक्ष्य से आयोजित होने वाले इस अभियान में एनीमिया, वृद्धि निगरानी, पूरक आहार, पोषण भी पढ़ाई भी (PBPB), बेहतर शासन के लिए तकनीकी उपाय, पर्यावरण संरक्षण थीम्स हैं। राष्ट्रीय पोषण माह 2024 का कैलेंडर तैयार किया गया है। जिसके अनुसार गतिविधियों को आयोजित किया जाना है। बुनकर ने जिला उपनिदेशकों एवं सीडीपीओ को निर्देशित किया गया है कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, आशा वर्कर, महिला पर्यवेक्षक, स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में अन्य सभी सहयोगी विभागों के समन्वय से 'राष्ट्रीय पोषण माह 2024' की गतिविधियों का कैलेंडर के अनुसार आयोजन किया जाए।

संक्षिप्त समाचार

भुसावर से गायब हुई नाबालिग लड़की को पुलिस ने किया दस्तयाब

चमकता राजस्थान। भरतपुर (राजवीर सिंह)। भुसावर से गायब हुई नाबालिग लड़की को पुलिस ने किया दस्तयाब। प्राप्त जानकारी अनुसार पुलिस ने भरतपुर जिले के भुसावर क्षेत्र से घर से एक सप्ताह पूर्व निकली नाबालिग बालिका को दस्तयाब किया है। भुसावर थानाधिकारी सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि पुलिस के उच्चाधिकारियों के आदेश पर थाना इलाके में से गायब हुए लापता व्यक्तियों की तलाश के लिए चलाए गए अभियान में घर से बिना बताए निकली नाबालिग बालिका को दस्तयाब किया है। भुसावर थाने के एक जने ने 22 अगस्त को अपनी ओर से दर्ज कराई गुमशुदगी में अवगत कराया था कि उसकी नाबालिग बालिका अपना आधार कार्ड साथ लेकर अपनी मां को बिना बताए ही घर से निकल गई है। गुमशुदगी पर कार्यवाही करते हुए नाबालिग बालिका की तलाश के लिए एएसआई महेश चंद मय टीम के साथ रवाना गए। जिसपर एक सप्ताह पूर्व घर से गायब हुई नाबालिग बालिका को दस्तयाब कर लिया गया। दस्तयाब की गई नाबालिग बालिका को भुसावर पुलिस की ओर से बाल कल्याण समिति भरतपुर पेश किया जाएगा।

अपना घर आश्रम में किया फल वितरण

चमकता राजस्थान। हिंडौन सिटी (राजवीर सिंह)। हिंडौन महवा रोड क्यारदा के पास स्थित अपना घर आश्रम में प्रभुजियो को फल वितरण किया गया। इस मौके पर समाजिक कार्यकर्ता पुष्पेन्द्र गारूवाल करई, भाग्य सिंह मौर्य,अनिल कुमार, रवि कुमार आदि मौजूद रहे।

दिया कुमारी 'सामर्थ्य ग्लोबल एक्सीलेंस अवार्ड्स-2024' और 'दिव्यांगजन सशक्तिकरण कार्यक्रम' में शामिल

चमकता राजस्थान/जयपुर। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी आज जयपुर में सामर्थ्य सेवा संस्थान द्वारा आयोजित 'सामर्थ्य ग्लोबल एक्सीलेंस अवार्ड्स-2024' और 'दिव्यांगजन सशक्तिकरण कार्यक्रम' में शामिल हुई। इस अवसर पर, अवार्ड्स वितरित कर सम्मानित व्यक्तियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए बधाई दी। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत,अ1 टीवी के चैनल हेड अनिल लोढ़ा,सामर्थ्य सेवा संस्थान के संरक्षक डॉ. प्रेमचंद सुमन,संजय शर्मा,फाउंडर डॉ. रामजी एल. चंद्रवाल,सचिव केआर हिमांशु ,कानूनी सलाहकार मुकेश जैन ,ललित शर्मा समस्त अवार्ड्स विनर और प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2 सितंबर को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर सदस्यता अभियान का करेंगे आगाज:- डॉ अरूण चतुर्वेदी

सीएम भजनलाल शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड, भाजपा पदाधिकारी सहित मंत्रीगण 3 सितंबर को ग्रहण करेंगे भाजपा की सदस्यता:-डॉ अरूण चतुर्वेदी

चमकता राजस्थान

जयपुर, 01 सितंबर 2024। भाजपा के सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक एवं पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ अरूण चतुर्वेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार 2 सितंबर को केंद्रीय भाजपा कार्यालय नई दिल्ली में पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर सदस्यता अभियान का आगाज करेंगे। भाजपा के सदस्यता अभियान के तहत मिस्ड कॉल, नमो ऐप, वेबसाइट और क्यूआर कोड स्कैन करके कोई भी व्यक्ति सदस्य बन सकता है। वहीं 3 सितंबर मंगलवार

को प्रदेश में सीएम भजनलाल शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ और प्रदेश के प्रमुख नेता सदस्यता अभियान की शुरूआत करेंगे।

अभियान के प्रदेश संयोजक डॉ अरूण चतुर्वेदी ने बताया कि प्रदेश में सभी 51 हजार बूथों पर 1 करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया हैं। प्रदेश में सदस्यता अभियान का पहला चरण 30 सितंबर तक चलेगा। अभियान के तहत एक सिम से एक ही व्यक्ति पार्टी का सदस्य बन सकता है। इस बार ऑनलाइन के साथ ऑफलाइन सदस्य भी बनाए जाएंगे। जहां मोबाइल नेटवर्क की समस्या या अन्य तकनीकी समस्या सामने आएगी, वहां ऑफलाइन फॉर्म भर कर सदस्य बनाया जाएगा। सदस्यता अभियान को लेकर प्रदेशभर में 20 से 31 अगस्त तक विशेष अभियान चलाकर कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। इन कार्यशालाओं में सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा के कार्यकर्ताओं को विशेष प्रशिक्षण और अभियान की जानकारी दी गई।

अभियान के प्रदेश संयोजक डॉ अरूण चतुर्वेदी ने बताया कि सदस्यता अभियान के माध्यम से कार्यकर्ता प्रदेशभर में घर-घर जाकर भाजपा की रीति और नीति से आमजन को अवगत करवाएंगे और भाजपा के सदस्य बनाएंगे। इस अभियान के तहत पार्टी ने हर बूथ पर 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है।

गर्भाधान संस्कार कार्यशाला का आयोजन

चमकता राजस्थान

जयपुर। भारतीय अभ्युत्थान समिति जयपुर द्वारा रविवार को एस.एम.एस मेडिकल कॉलेज में गर्भाधान संस्कार कार्यशाला का आयोजन किया गया।इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता गुजरात आयुर्वेद विवि के पूर्व प्राचार्य डॉ हितेश जानी ने बताया कि दिव्य गर्भ संस्कार विज्ञान हमारी वैदिक संस्कृति के संस्कारों का प्राण है। काल के कुचक्र और षड्यंत्र द्वारा विश्व की प्राचीनतम एवं सर्वाधिक वैज्ञानिक शिक्षा एवं चिकित्सा पद्धति क्रमशः गुरुकुल एवं आयुर्वेद को भुला दिया तथा पुरातन कहकर झुठला दिया गया। गर्भ संस्कार गर्भ में शिशु को मां द्वारा जीवन जीने

की कला का प्रशिक्षण है जो एक मनोवैज्ञानिक तथा आध्यात्मिक प्रक्रिया है। गर्भ संस्कार विज्ञान एक ऐसी कुंजी है जिससे बालक में रूप गुण बल बुद्धि विद्या इत्यादि को वैज्ञानिक ढंग से प्रत्यारोपित कर सकते हैं। गर्भ में पल रहे भ्रूण को आहार, विचार एवं पठन पाठन द्वारा संस्कारित करने की प्रक्रिया को गर्भाधान संस्कार कहते हैं। उचित आहार विहार एवं पठन पाठन का गर्भस्थ शिशु पर प्रभाव आता है। कार्यशाला का प्रारंभ दीप प्रज्जवलन द्वारा किया गया।कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र संघचालक और अभ्युत्थान समिति के अध्यक्ष डॉ रमेश चंद्र अग्रवाल, संघ के वरिष्ठ प्रचारक गुणवंत सिंह, एस.एम.एस मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ दीपक माहेश्वरी एवं प्रोफेसर डॉ मोनिका राठौड़ सहित शहर के गणमान्य जन उपस्थित रहे। आयोजन से जुड़े विवेक गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में विशेष रूप से नवदंपति और चिकित्सकों की भी सहभागिता रही। डॉ रमेश चंद्र अग्रवाल ने आगंतुकों का धन्यवाद व्यक्त किया।

कार्यक्रम का समापन सभी के लिए मंगल कामना के साथ हुआ।

माता-पिता की आज्ञा की पालना करने से मानव जीवन सफल - रामस्वरूपाचार्य महाराज

- -हलैना में श्रीराम कथा का समापन,श्रीराम यज्ञ व भण्डारा आज

चमकता राजस्थान। भरतपुर (राजवीर सिंह) हलैना,जयपुर-नेशनल हाइवे के कस्वा हलैना-तिलचिवी के मध्य टी.एम.मैरिज गार्डन पर टीकम सिंह सैनी एवं श्रीमती लीलादेवी के सानिध्यं में चल रही श्रीराम कथा के तहत श्री कामदगिरि पीठम्-चित्रकूट के पीठाधीश्वर जगद्गुरू रामानन्दाचार्य स्वामी रामस्वरूपाचार्य महाराज ने कहा कि माता-पिता एवं गुरू की आज्ञा का पालना करना ही मानव का धर्म है और इनकी आज्ञा की पालना करने से मानव जीवन सफल हो जाता है। उन्होने कहा कि भगवान श्रीराम को मर्यादस पुरूषोत्तम कहा जाता है। भगवान श्रीराम ने हर काम मर्यादा में रहकर किए। फिर चाहे बिना किसी प्रश्न के अपने माता-पिता की आज्ञा का पालन करना हो या फिर वन में सीता हरण के बाद रावण का वध। रावण की मृत्यु के बाद भी उन्होंने अपने दुश्मन से बैर नहीं रखा बल्कि अपने भाई को रावण के पास शिक्षा लेने के लिए भेजा। भगवान राम का चरित्र हमें माता. पिता की सेवा करना उनकी आज्ञा का पालन करना सिखाता है। भगवान श्री राम के बारे में महर्षि वाल्मीकि द्वारा अनेक कथाएं लिखी गई हैं। वाल्मीकि के अलावा प्रसिद्ध महाकवि तुलसीदास ने भी श्री राम के महत्व को लोगों को समझाया है। भगवान राम ने कई ऐसे महान कार्य किए हैं जिसने हिन्दू धर्म को एक गौरवमयी इतिहास प्रदान किया है। कार्यक्रम के प्रवक्ता होतीलाल सैनी एवं अनिल कुमार सैनी ने बताया कि 24 अगस्त से कस्वा हलैना-तिलचिवी स्थित टी.एम.मैरिज होम पर श्रीराम कथा का शुभारम्भ हुआ,,जिस कथा का 2 सितम्बर को समापन होगा। इस दिन श्रीराम यज्ञ की पूर्णाहुति व भण्डारा होगा। भण्डारे में वैर,भुसावर,नदबइ ,बयाना,महवा,कठूमर उपखण्ड सहित भरतपुर,आगरा,मथुरा,डीग,कामां आदि स्थान के सर्व समाज और सन्त शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री से मिलेगा प्रतिनिधि मण्डल

भरतपुर में होगी जल्द बड़ी बैठक

पाँचना के पानी के बँटबारे की मांग को लेकर हुई बैठक

चमकता राजस्थान

भरतपुर (राजवीर सिंह) भरतपुर के पूर्व सांसद और समाजवादी विचारक पंड़ित रामकिशन के निवास पर पाँचना बाँध के पानी का बँटबारा कर भरतपुर के हिस्से को गम्भीर नदी में ड़ालने की माँग को लेकर शनिवार को एक बैठक हुई।

बैठक में उपस्थित सभी प्रबुद्धजनों ने एकमत होकर राज्य सरकार से पाँचना बाँध के पानी का बँटबारा करने की माँग रखी। सभी ने कहा कि पानी के मामले में भरतपुर और डीग जिले के साथ अन्याय हो रहा है। जिले को हिस्से के पानी को भी नहीं दिया जा रहा। सभी नेताओं ने कहा कि जब किसानों को और केबलादेव नेशनल पार्क घने को पानी की जरूरत होती है तब पानी

गम्भीर नदी में नहीं छोड़ा जाता और जब खतरा दिखता है तब बर्बादी और जन धन के नुकसान के लिये गम्भीर नदी में पाँचना से पानी छोड़ दिया जाता है।

वक्ताओं ने कहा कि भरतपुर और डीग को सिंचाई विभाग के पुराने सिस्टम की मरम्मत करने के लिए भी बजट नहीं दिया जाता जिस के रख रखाव के अभाव में नहर, नाले,बाँध,कैनाल सभी टूटे और जर्जर पड़े हुऐ है जिसकी वजह से बर्बादी और फसल तो बर्बाद हो जाती है लेकिन पानी बहकर निकल जाता है जिस कारण ना तो सही सिंचाई होती है और ना ही भूमि का जल स्तर ही बढ़ पाता है। बैठक में स्पष्टतौर से कहा गया कि पानी में बँटबारा तय होना चाहिये जो पानी समय समय पर गम्भीर नदी के मार्फत भरतपुर जिलो को पानी उपलब्ध होने पर प्रतिवर्ष मिलना ही चाहिये।

बैठक में तय किया गया कि अगली बैठक जल्द भरतपुर में होगी जिसमें होटल व्यवसाय से जुड़े लोग, घने के गाइड और घने में रिक्शा चलाने बाले मजदूर तथा हिन्डौन, बयाना, वैर, भुसावर,रूपवास क्षेत्र के अनेक किसान तथा विभिन्न संगठनों से जुड़े लोग हिस्सा लेगे तथा उसी बैठक में महत्वपूर्ण रणनीति तय की जायेगी। इस बैठक में राज्य के मुख्यमंत्री से मुलाकात कर पानी की समस्या से जुड़ा माँग पत्र भी देने का कार्यक्रम तय किया जायेगा।

इस बैठक में पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन गुर्जर आरक्षण आन्दोलन के अग्रणी नेता भूरा भगत बयाना,पूर्व जिला पार्षद इन्दल सिंह जाट,भरतपुर नगर निगम के पूर्व नेता प्रतिपक्ष इन्द्रजीत भारद्धाज भूरा,पूर्व उप जिला प्रमुख रामस्वरूप कामर, यदुनाथ दारापुरिया, जिला परिषद सदस्य मोहन सिंह गुर्जर, रामदयाल भ्राता, सतीश मीणा, सहित बयाना, वैर, रूपवास, क्षेत्र के अन्य कई किसानों ने हिस्सा लिया ।

मणिपाल अस्पताल ने जीता जेएचडब्ल्यू कॉरपोरेट बॉक्स लीग का खिताब

चमकता राजस्थान

जयपुर। जस्ट हेल्थ एंड वेलनेस (जेएचडब्ल्यू) द्वारा टोंक रोड स्थित स्वेट जेन स्पोर्ट्स एरिना में आयोजित दो दिवसीय कॉरपोरेट बॉक्स क्रिकेट लीग का समापन एक रोमांचक फाइनल के साथ हुआ। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य कॉरपोरेट ब्रांडों को एक साथ लाना और खेल भावना, टीम वर्क और स्वास्थ्य जागरूकता के लिए एक रोमांचक मंच प्रदान करना था। जेएचडब्ल्यू ने इस अनूठी पहल के माध्यम से इस खेल प्रतियोगिता को एक अलग आयाम दिया है। इस अवसर पर जेएचडब्ल्यू के संस्थापक और सीईओ हिम्मत सिंह नाधावत ने ट्रॉफी जीतने पर मणिपाल अस्पताल को बधाई दी और उपविजेता टीम आवास फाइनेंस को फाइनल तक पहुंचने के लिए हौसला अफजाई की। इस अवसर पर मुख्य अतिथिके रूप में नामदेव फाइनेंस के सेल्स हेड, मिहिर वैष्णव और इवन हेल्थ केयर के सेल्स हेड, रोहन इंदुलकर शामिल थे। उन्होंने आगे कहा, ₹लीग हमारे मिशन मेंएक महत्वपूर्णकदम है, जिसका उद्देश्य खेलों के माध्यम से स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देना है। लीग सिर्फ क्रिकेट के बारे में नहीं है, बल्कि रिश्तों को बनाने, फिटनेस कोप्रोत्साहित करने और टीमों के बीच एकताकी भावना को बढ़ावा देने के बारे में भी है। फाइनल मैच के मैन ऑफ द मैच, अनिल चौधरी रहे जिन्होंने 34 गेंदों पर 58 रन बनाए और 3 ओवर में 1 मेडन और सिर्फ 10 रन देकर 2 विकेट चटकाय। मैन ऑफ द सीरीज राहुल रहे जिन्होंने 4 मैचों में 209 की स्ट्राइक रेट से 164 रन बनाए बेस्ट बॉलर नितेश तिवारी रहे जिन्होंने फाइनल में 3 ओवर में 3 विकेट लिए, बेस्ट बैट्समैन अविनाश राणा रहे जिन्होंने 3 मैचों में 184 रन बनाए। जेएचडब्ल्यू के सह-संस्थापक भूपेंद्र सिंह ने इस अवसर पर बताया कि, कॉरपोरेट बॉक्स लीग में 12 कॉपोरेंट ब्रांडों ने भाग लियाः नारायण हेल्थ मणिपाल अस्पताल, शाल्बी मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल, फोर्टिस अस्पताल, सूर्या अस्पताल, आवास फाइनेंस; नामदेव फाइनेंस; बिग एफएम; केयर हेल्थ इंश्योरेंस, मणिपाल सिग्ना हेल्थ इंश्योरेंस, टाटा हेल्थ इंश्योरेंस और इवन हेल्थकेयर। इन टीमों को 4 ग्रुप में विभाजित किया गया था। लीग मैच के बाद सभी ग्रुप्स की टॉप टीमों के बीच सैमीफाइनल मुकाबला हुआ औरफाइनल मैच मणिपाल अस्पताल वेर्सिस आवास फाइनेंस में खेला गया जिसे मणिपाल ने 3 रन से जीत कर खिताब अपने नाम किया। पहल के समर्थक आरके व्यास ने बताया कि इस अवसर पर आवास फाइनेंस से रिंकू अग्रवाल, इवन हेल्थ केयर से रोहन इंदुलकर, केयर हेल्थ इंश्योरेंस से राहुल पचोरी; टाटा हेल्थ इंश्योरेंस से विशाल शर्मा, सरायणा हेल्थ से बलविंदर वालिया, फोर्टिस हेल्थ केयर से मंजीत ओवर, मणिपाल हॉस्पिटल से दरमानी; शेल्बी हॉस्पिटल से विशाल शर्मा और सूयां हॉस्पिटल से आनंद बिहारी मौजूद थे।

संक्षिप्त खबरें

गायत्री शक्तिपीठ में परिष्कार सत्र का आयोजन

सहरसा। गायत्री शक्तिपीठ में रविवार को व्यक्तित्व परिष्कार सत्र आयोजित हुई। व्यक्तित्व परिष्कार सत्र को संबोधित करते हुए डा अरुण कुमार जायसवाल प्रज्ञा गीत के माध्यम से कहा गुरुदेव कहते हैं हमारा दृढ़संकल्प है नया संसार बनायेंगे।आज दुनिया जिस गर्त में पड़ा है उस स्थिति में कोई तो आगे आये,जो हमारे जीवन को हमारे समाज को हमारे राष्ट्र को हमारे संस्कृति के मूल्यों को फिर से स्थापित करे। उन्होंने कहा कि आज के दिनों में यह महत्वपूर्ण बात है। इसके समाधान में आजकल की परिस्थितयां और कुछ जटिल लोगों का सामना करना पड़ता है। आजकल यह बहुत गहरा प्रश्न है। कहीं भाई भाई में,पति-पत्नी में, (भाई बहन में कभी एक दूसरे राष्ट्र से भी लड़ाई होती है,अगर आप सोचते हैं यह अपने आप ठीक हो जाएगा। यह सोच आपका गलत भी हो सकता है।इससे तनाव बढ़ जाता है। कैसे खुश रहे महत्वपूर्ण बात है।जटिल लोगों से बचके रहना है। हम कैसे शांत रहें।कभी कभी परिस्थितियां भी आपको भड़का सकती है और कुछ लोग भी उसकायेगे।ऐसी स्थिति में आप शांत रहें कोई प्रतिक्रिय न दें। सोच समझकर प्रतिक्रिया दें,जिससे हमारा समाज भी बना रहे इसलिए अच्छे व्यक्ति से मित्रता करिए। सबसे हिलमिल रहिए और तनाव दबाव मुक्त रहिए।

जुलूस में दिखा महिला डॉक्टर से हुए दुष्कर्म का आक्रोश

अररिया। फारबिसगंज के श्री सांवलिया कुंज ठाकुरबाड़ी से रविवार को निकले महावीरी झंडा शोभायात्रा जुलूस में विभिन्न मंदिरों और अखाड़ों के हजारों भक्तों ने भाग लिया और इस दौरान पूरा वातावरण जय श्री राम,हर हर महादेव,बजरंग बली की जय के नारों से गूंज उठा। जुलूस में विभिन्न अखाड़े की ओर से विभिन्न तरह की झांकियां निकाली गई। जिसमे एक झांकी ने भक्तों को झकझोर कर रख दिया। कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ हुए दुष्कर्म के बाद हत्या की प्रस्तुति देते हुए झांकी में बलात्कारी को फांसी की सजा नहीं होने और हो रहे सियासत को लेकर आक्रोश दिखा। झांकी में एक स्वास्थ्यकर्मी हाथ में बलात्कारी को फांसी को सजा दिए जाने की मांग को लेकर एक तख्ती लिए खड़ी थी।वहीं दुष्कर्म और हत्या ली घटना के बाद निकलने वाले कैंडल मार्च को लेकर भी प्रश्न खड़ा किया गया था कि आखिर किसने ऐसे हादसे के बाद कैंडल पकड़ना सीखा दिया। वहीं एक अन्य झांकी भारत में विविधता में एकता और भारत के सभी जाति,समुदाय के लिए विश्व के किसी भी देश से सबसे सुरक्षित देश होने का संदेश दिया गया था। इन झांकियों को लोगों ने काफी सराहा।

एनडीए की बैठक आयोजित

किशनगंज। सम्राट अशोक भवन के परिसर में एनडीए घटक दल के संयोजक बुलंद अख्तर हाशमी की अध्यक्षता में रविवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक में लोजापा और भाजपा के जिलाध्यक्ष एवं एनडीए घटक दल के सभी विधानसभा प्रभारी मौजूद रहे। बैठक का मुख्य विषय प्रखंड स्तर तक कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय स्थापित कर 2025 के विधानसभा चुनाव में जिले के चारों सीट को जीतने का लक्ष्य निर्धारित करना एवं कार्यकर्ताओं को सरकार की योजनाओं को पहुंचाना मुख्य विषय रहा। बैठक को संचालन कर रहे भाजपा जिलाध्यक्ष सुशांत गोप ने विधानसभा प्रभारी के बीच कार्यों का बंटवारा करते हुए अपने-अपने विधानसभा में प्रवास के दौरान सभी दलों के पदाधिकारी के बीच समन्वय स्थापित कर समस्याओं को सुनने की जवाबदेही निर्धारित किया एवं जल्द ही बीस सूत्री की उपाध्यक्ष के नाते जनता की समस्याओं को सुनने के लिए एवं पदाधिकारी से जनता का काम करने के लिए आवेदन लेकर उस दिशा में उचित कार्रवाई की जाएगी।

जंगल राज को रोकने कार्यकर्ता रहे सजग: सिंह

नवादा। बिहार के पूर्व मंत्री जदयू के राष्ट्रीय महासचिव विधान पार्षद भगवान सिंह कुशवाहा का रविवार को नवादा के महावीर मार्केट सभागार में जदयू नेता और वार्ड सचिव संघ के प्रदेश अध्यक्ष हरिकृपाल सिन्हा की अध्यक्षता अभिनंदन किया गया। वार्ड सचिवों ने पूर्व मंत्री भगवान सिंह कुशवाहा का जोरदार स्वागत किया। पूर्व मंत्री कुशवाहा ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि समाज के विकास में वार्ड सचिवों का अहम योगदान है। सरकार से बात कर निश्चित तौर पर उन्हें उनका हक दिलाया जाएगा ।उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर सरकार के मुखिया तक उनकी समस्याएं पहुंचेगी। वार्ड सचिव संघ के प्रांतीय अध्यक्ष हरि कृपाल सिन्हा ने कहा कि जदयू के राष्ट्रीय महासचिव विधान परिषद भगवान सिंह के माध्यम से निश्चित तौर पर वार्ड सचिवों को उनका हक दिलाया जाएगा। इसके लिए उन्होंने भी अपना संकल्प को दोहराया है।

150 लीटर देशी शराब सहित बाइक बरामद

नवादा। नवादा जिले के रजौली में रविवार को गुप्त सूचना के आधार पर रजौली थानाक्षेत्र के फुलवरिया डैम के समीप से रजौली पुलिस ने 150 लीटर देशी महुआ शराब के साथ एक बाइक को जप्त किया है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि शराब कारोबारी बाइक से शराब लेकर डैम की तरफ जा रहा है।सूचना के आलोक में फुलवरिया डैम के समीप रजौली पुलिस को भेजा गया लेकिन जैसे ही शराब कारोबारी की नजर पुलिस की वाहन पर पड़ी वैसे ही वह शराब सहित बाइक को सड़क पर छोड़कर जंगल और पहाड़ का फायदा उठाकर भाग गया,जिसके बाद शराब और बाइक को जप्त कर थाने लाई गई। देशी महुआ शराब का अवैध कारोबार करने वाले कारोबारी की पहचान रामड़िहा निवासी चरित्र यादव के पुत्र राजेश कुमार के रूप में की गई है।

जयपुर में दो दिवसीय साहित्योत्सव जश्न-ए-अदब कल्चरल कारवां विरासत का हुआ शानदार आयोजन

कला एवं साहित्य के जाने-माने कलाकारों ने प्रस्तुत की कार्यक्रम में रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

चमकता राजस्थान

जयपुर (खलील कुरैशी) । भारतीय कला, संस्कृति और साहित्य का जश्न मनाने वाले सबसे प्रमुख सांस्कृक्तिक कार्यक्रमों में से एक, साहित्योत्सव जश्न-ए-अदब कल्चरल कारवां विरासत, पहली बार जयपुर में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन जयपुर में स्थित जवाहर कला केंद्र, जवाहर लाल नेहरू मार्ग में 31 अगस्त और 01 सितम्बर, 2024 (शनिवार और रविवार) को किया गया। इस सांस्कृतिक समारोह का आयोजन संस्कृति मंत्रालय (भारत सरकार), पर्यटन मंत्रालय (भारत सरकार) और जवाहर कला केंद्र के सहयोग से किया गया, जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से ताल्लुक रखने वाले प्रतिष्ठित भारतीय कलाकारों ने अपनी अद्भुत प्रस्तुतियों से समाँ बाँध दिया। पूरी तरह निःशुल्क प्रवेश वाला यह दो दिवसीय कार्यक्रम उत्कृष्ट प्रदर्शन सेदर्शकों को मंत्रमुग्ध करने में सफल रहा। पहला दिन 31 अगस्त, 2024 (दोपहर 200 बजे से) कार्यक्रम की शुरुआत एक उद्घाटन समारोह के साथ हुई, जिसमें विद्या शाह, पद्मभूषण पं. साजन मिश्रा, पद्म हुसैन ब्रदर्स, डॉ. यश गुलाटी और साबरी ब्रदर्स जैसी नामचीन हस्तियाँ शामिल हुईं। उद्घाटन समारोह के बाद, शाम को साबरी ब्रदर्स ने कव्वाली की अपनी मनोरम प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। दूसरा दिन 1 सितम्बर, 2024 (दोपहर 2:00 बजे से) कार्यक्रम के दूसरे दिन विभिन्न प्रस्तुतियों और गतिविधियों से मंच पर समाँ बँध गया। इस दिन की शुरुआत यूसुफ खान ने भयंग पर अपनी दिलकश प्रस्तुति से की। इसके बाद, भारतीय कला, संस्कृति और साहित्य पर आधारित एक विशिष्टनाटक का आयोजन किया गया। नाटक के बाद, अंजुम शर्मा, मनु ऋषि चड्ढा और फैजल मलिक द्वारा एक विशेष पैनल चर्चा की गई, जो क्षेत्र की समृद्ध काव्य परंपरा पर प्रकाश डाली। इसके बाद, कवि सम्मेलन मुशायरा का आयोजन प्रोफेसर वसीम बरेलवी, पद्म सुरेंद्र शर्मा और पद्म अशोक चक्रधर एवं अन्य हस्तियों द्वारा किया गया। शाम में, विधा लाल ने कथक पर अपनी प्रस्तुति से महफिल में चार चाँद लगा दिए। कार्यक्रम की सफलता पर अपना उत्साह व्यक्त करते हुए, कवि और साहित्योत्सव जश्न-ए-अदब के संस्थापक, कुँवर रंजीत चौहान ने कहा, साहित्योत्सवजश्न-ए-अदब कल्चरल कारवां विरासत की हैदराबाद से जयपुर राज्य तक की सफल यात्रा में हजारों दर्शक और साहित्य प्रेमी गवाह बने हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को भारतीय कला, संस्कृति और साहित्य की समृद्ध धारा से जुड़ने का मौका मिला। कई राज्यों में शानदार सफलता के बाद, हमें इस कार्यक्रम को सांस्कृतिक रूप से समृद्ध शहर जयपुर में लाने की खुशी है। निपुण, प्रसिद्ध और सम्मानित कलाकारों ने अपनी अद्भुत प्रस्तुतियों से मंच की शोभा में चार चाँद लगा दिए। इस कार्यक्रम के माध्यम से हमारा उद्देश्य भारतीय युवाओं को हमारी भारतीय कला, संस्कृक्ति और साहित्य की जीवंतता से जोड़ना और उन्हें सार्थक कला तक पहुँच प्रदान करना था। हम संस्कृति मंत्रालय के अमूल्य समर्थन के लिए उनका आभार व्यक्त करते हैं। साथ ही, इस कार्यक्रम को संभव बनाने में पर्यटन मंत्रालय अतुल्य भारत (भारत सरकार) और जवाहर कला केंद्र के सहयोग तथा अपनी व्यापक उपस्थिति से इस कार्यक्रम को

ग्राम पंचायत भैंसावा में विकास के क्रम को मिली सकारात्मक गति

- **सांसद राव राजेन्द्र सिंह और जिला प्रमुख रमा चोपड़ा के मुख्य आतिथ्य में हुआ ज़ोरदार आयोजन**
- **सरपंच ने ग्राम की चहुंमुखी उन्नति एवं स्वर्णिम विकास के लिए दृढ़ता के साथ दर्शायी प्रतिबद्धता**

चमकता राजस्थान

जयपुर (खलील कुरैशी)! करणसर। कस्बे स्थित ग्राम पंचायत भैंसावा में रविवार को जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह और जिला प्रमुख रमा चोपड़ा के मुख्य आतिथ्य में विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम हुआ। इस दौरान चार दीवारी निर्माण कार्य कड़वालों की ढाणी, शमशान भूमि स्वीकृत राशि 5 लाख। सीसी ब्लॉक फर्श निर्माण कार्य बड़ा मठ स्थित श्री लक्ष्मीपुरीजी के आश्रम में, बड़ा मठ एवं छोटा मठ में स्थित शमशान भूमि में ब्लॉक निर्माण कार्य, गढ़ चौक श्री नृसिंह लीला (रामलीला मैदान में ब्लॉक फर्श निर्माण कार्य (शिलान्यास) स्वीकृत राशि 20 लाख रुपए, सिंगल फेस सौर ऊर्जा युक्त बोरिंग बाग वाले बालाजी गौशाला, सिंगल फैस सौर ऊर्जा युक्त बोरिंग शहीद बाबा स्थल, इन्द्रा कॉलोनी हुए। भैंसावा सरंपच लाड़ा देवी पुनियां ने बताया कि उनके अब तक के कार्यकाल के दौरान भैंसावा में करोड़ों रुपए के विकास कार्य हुए और भविष्य में भी विकास कार्य में किसी तरह की कमी नहीं रहेगी। सांसद राव ने ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जयपुर ग्रामीण की जनता के विकास कार्यों के लिए वे कृतसंकल्पित है। आमजन की समस्याओं को लेकर हमेशा तैयार है। इस दौरान किसान नेता मोतीराम चौपड़ा, मंडल अध्यक्ष सुनीतभामू, जिला परिषद सदस्य शारदा बादव, बीजेपी नेता मोहन रोलानिया, शिक्षाविद् बंशीधर पुनियां, कुडियों का बास सरपंच रामकरण चांदीवाल, करणसर सरपंच प्रतिनिधि बीएल वादव, डुंगरी कला सरंपच बनवारी लाल रेवाड़, समाजसेवी कानाराम कुड़ी, एडवोकेट मदन लाल कुड़ी, हिंगौनिया सरपंच छितर मल भुरोदिया सहित सैकड़ों ग्रामीण और आपपास के जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

कैबिनेट मंत्री कैलाशविजयवर्गीय ने राजिकफर्शीवाला को अपने आशीर्वाद और दुआओं से नवाज की हौसला अफजाई

चमकता राजस्थान/जयपुर/ इंदौर! मध्यप्रदेश सरकार मे नगरीय प्रशासन कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने समाजसेवी एवं गौसेवक राजिक फर्शीवाला को राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग (भारत सरकार) में सलाहकार नियुक्त होने पर अपने निवास पर बुलाकर खूब दुआओ से नवाज़ा इस मौके पर राजिक फर्शीवाला ने अपने विचार व्यक्त कर कहा कि!ईश्वर/ अल्लाह हमारे मार्गदर्शक और हर परिस्थितियों में अपना असीम आशिर्वाद देने वाले प्रेरणा पुरुष और मध्य प्रदेश की राजनीति के अभिन्न अंग ओर यशस्वी व्यक्तित्व के धनी तथा मेरे राजनीतिक गुरु आदरणीय कैलाश विजयवर्गीय का मुझ पर हमेशा असीम आशिर्वाद एवं मार्गदर्शन सदा बना रहे

मुख्यमंत्री आयुष्मान योजना में दूसरे राज्यों में भी करवा सकते हैं, मरीजों के पास विकल्प उपलब्ध रहने चाहिए : चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री

अस्पतालों में दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता निःशुल्क दवाओं की शत-प्रतिशत उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश

चमकता राजस्थान

जयपुर (खलील कुरैशी) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री के निर्देशों पर प्रदेश में मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना के तहत दवाओं की सुचारू आपूर्ति एवं उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। अस्पतालों में सुचारू दवा आपूर्ति के लिए राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन एवं सभी चिकित्सा संस्थान प्रभारियों को समुचित कार्यवाही किए जाने के लिए निर्देश दिए गए हैं।चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना के तहत दवा आपूर्ति की नियमित रूप से मॉनिटरिंग की जा रही है। हमारा प्रयास है कि सभी चिकित्सा संस्थानों में दवाओंकीशत-प्रतिशतउपलब्धता सुनिश्चित होआरएमएससीएल को निर्देश दिए गए हैं कि सभी दवाओं का पर्याप्त स्टॉक रहे। इस संबंध में स्टॉक संबंधी गाइडलाइनकी समुचित पालना सुनिश्चित की जाए।सवाई मानसिंह चिकित्सालय के अधीक्षक डॉ. सुशील भाटी ने बताया कि अस्पताल में दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता है। उन्होंने बताया चिकित्सकों द्वारा रोगियों के उपचार के अनुसार कुछ दवाएं अधिक स्ट्रेन्थ की लिखी जाती हैं और कभी-कभी दवा वितरण केंद्रों पर कम स्ट्रेन्थ की दवा उपलब्ध होती है। जैसे 40 मिलीग्राम स्ट्रेन्थ के स्थान पर 10 मिलीग्राम स्ट्रेन्थ की दवा उपलब्ध होना। इससे उपचार में किसी तरह की परेशानी नहीं आती। उन्होंने बताया कि एजिथ्रोमाइसिन दवा सभी वितरण केंद्रों पर उपलब्ध है। एट्रोवेस्टेटिन दवा 40 मिलीग्राम के स्थान पर 10 मिलीग्राम तथा थायरॉक्सिन सोडियम दवा भी 100 मिलीग्राम के स्थान पर 50 मिलीग्राम की पैकिंग में उपलब्ध है। इसी प्रकार सोडियम वेलप्रोएट दवा 500 मिलीग्राम के स्थान पर 200 मिलीग्राम की पैकिंग में उपलब्ध है। प्रीगेबलीन कैप्सूल भी सभी दवा केंद्रों पर उपलब्ध है।

संक्षिप्त खबरें

इजराइली सैनिकों को गाजा की सुरंग से अमेरिकी नागरिक समेत 6 बंधकों के शव मिले

तेल अवीव। इजराइली सुरक्षा बलों ने रविवार को गाजा शहर रफाह की एक सुरंग से छह बंधकों के शव बरामद किए हैं। इन्हें बीते साल 7 अक्टूबर को इजराइल पर हुए आतंकी हमले के दौरान बंधक बनाया था। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) के अनुसार गाजा की एक सुरंग से 6 बंधकों के शव बरामद किए गए हैं। इजरायली सेना ने पुष्टि की है कि गाजा से बरामद शव 7 अक्टूबर को बंधक बनाए गए लोगों के हैं। इजरायली रक्षा बल आईडीएफ और शिन बेट के मुताबिक हमास ने कैद के दौरान इन छह बंधकों की हत्या की थी। बताया जा रहा है कि सभी शव शनिवार को ही मिल गए थे लेकिन इनकी पहचान में समय लग गया। जिन 6 बधकों के शवों मिले हैं उनमें 3 पुरुष और 3 महिलाएं हैं। मृतकों की पहचान हेरश गोल्डबर्ग पोलिन (23), एडेन यरुशलमी (24), कार्मेल गाट (39), अलमोग सरुसी (26), एलेक्स लुबनोव (32) और ओरी डानिनो (25) के रूप में हुई है।

भाजपा राज में महिलायें असुरक्षित : कांग्रेस

रायपुर। राजीव भवन में रविवार को पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि नौ माह के भाजपा सरकार के राज में छत्तीसगढ़ में महिलायें असुरक्षित हो गयी है। रायपुर नया बस स्टैण्ड में एक महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म होता है। दूसरे दिन रिपोर्ट लिखा गया उसमें भी सामूहिक दुष्कर्म को नकार दिया गया। बलात्कार का रिपोर्ट लिखा गया, यहां भी पुलिस अपराधियों को सजा देने के बजाय उन्हें बचाने में लगी है। रोज-रोज प्रदेश में कहीं न कहीं सामूहिक बलात्कार की घटना हो रही है। महिलायें खुले में बाहर निकलने में भयभीत हो रही है। बस्तर, जशपुर, बिलासपुर, अंबिकापुर से लेकर राजधानी रायपुर में भी महिलायें खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है। वहीं सरकार कार्रवाई के बजाय बलात्कार जैसी घटनाओं को भी छुपाने और अपराधियों को बचाने का काम कर रही है। अभी तक आठ माह में प्रदेश में महिलाओं के प्रति 3094 अपराध हुये हैं तथा 600 से अधिक बलात्कार की घटना हुई है।

गंगा में नहाते समय किशोर गहरे पानी में डूबा

वाराणसी। असि घाट पर रविवार को गंगा में स्नान करते समय झारखंड निवासी किशोर गहरे पानी में डूब गया। जब तक गोताखोर निकालते उसकी मौत हो गई। गोताखोरों ने मशक्कत के बाद गहरे पानी से किशोर के शव को बरामद कर लिया। झारखंड निवासी बाबी (17) अपने परिजनों के साथ असि घाट पर स्नान कर रहा था। उसे गहरे पानी में जाता देख वहां मौजूद जल पुलिस के जवानों ने टोका लेकिन बाबी ने उनकी नही सुनी। बताता रहा कि उसे तैरना आता है। इसी दौरान वह फिसल कर गहरे पानी में समा गया। यह देख वहां मौजूद मल्लाहों ने गंगा में छलांग लगा दी। साहसी युवा जब तक उसे पानी से निकालते उसकी सांसे थम चुकी थी।

नेपाल में 288 परिवारों के डेढ़ हजार लोगों ने की सनातन धर्म में वापसी

काठमांडू। नेपाल के सुनसरी जिले में 288 परिवारों के डेढ़ हजार लोगों ने सनातन धर्म में वापसी की है। विश्व हिंदू परिषद नेपाल के तत्वावधान में आयोजित शुद्धिकरण महायज्ञ के दौरान इन लोगों ने ईसाई पंथ त्याग कर फिर से सनातन धर्म अपनाया। विहिप नेपाल के मुताबिक शनिवार को सुनसरी जिले के देवानगंज में आयोजित एक कार्यक्रम में वहां रह रहे 288 परिवार के करीब 1500 लोग सहभागी थे। विहिप के संगठन सचिव प्रहलाद रेग्मी ने बताया कि घर वापसी करने वाले लोगों के लिए स्थानीय श्रीकृष्ण माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में शुद्धिकरण महायज्ञ का आयोजन किया गया था। रेग्मी ने बताया कि विहिप के घर वापसी अभियान का देशभर से जोरदार समर्थन मिल रहा है और लगातार इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन अलग-अलग जिलों में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नेपाल में ईसाई मिशनरियों द्वारा जिस तरह से पैसे के लोभ में मतांतरण किया जा रहा है।

जीजा की हत्या के आरोप में गिरफ्तार युवक ने थाने में फांसी लगाकर की आत्महत्या

मुरैना/भोपाल। मध्य प्रदेश के मुरैना में पुलिस द्वारा जीजा की हत्या आरोप में गिरफ्तार एक युवक ने रविवार सुबह सिविल लाइन थाने में आत्महत्या कर ली। उसने लॉकअप में अपने गमछे का फंदा बनाया और खिड़की की ग्रिल में फंसाकर फांसी लगा ली। सूचना मिलते ही एसपी समीर सौरभ मौके पर पहुंच गए और मामले की जांच के निर्देश दिए। जानकारी मिलने के बाद जिला न्यायालय के मजिस्ट्रेट भी जांच के लिए पहुंच गए हैं। जानकारी के अनुसार, दिसंबर 2023 में सवितापुरा नहर के पास एक युवक का शव मिला था, जिसकी पहचान अशोक जाटव के रूप में हुई थी। सिविल लाइन थाना पुलिस शनिवार रात करीब 10 बजे बालकृष्ण जाटव उर्फ सनी (31) पुत्र काशीराम जाटव को हत्या के आरोप में गिरफ्तार करके लाई थी।

मुख्यमंत्री ने एकलव्य स्टेडियम में जन आशीर्वाद रैली को संबोधित किया, कहा

हरियाणा को समृद्ध बनाने के लिए मात्र 56 दिन में लिये ऐतिहासिक निर्णय

- दस वर्ष में भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने हर वर्ग का कल्याण किया

जींद। एजेंसी

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस कहती है कि भाजपा चुनाव से डर रही है। भाजपा ऐसी पार्टी है, जो रात को भी चुनाव लड़ने के लिए तैयार है। कांग्रेस झूठ की पार्टी है। हमारी सरकार ने हरियाणा को समृद्ध बनाने के लिए मात्र 56 दिन में ऐतिहासिक निर्णय लिये। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने मतदान तिथि में परिवर्तन करने के लिए चुनाव आयोग को पत्र लिखा था, जिससे अधिक से अधिक लोग अपने मत का प्रयोग कर सकें। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को एकलव्य स्टेडियम में आयोजित जन आशीर्वाद रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने नारनौंद से जजपा के विधायक रहे रामकुमार गौतम, पूर्व मंत्री अनूप धानक, बरवाला से जजपा छोड़ने वाले विधायक जोगीराम सिहाग व अंबाला की मेयर शक्ति रानी शर्मा को भाजपा का पटका पहनाकर पार्टी में शामिल किया। सैनी ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा को निशाने पर लेते हुए शायराना अंदाज में कहा कि दिल में कसक है और चेहरे पर नकाब लिए फिरते हैं। जिनके खुद के बही खाते खराब हैं, वो हमारा हिसाब लिए फिरते हैं। भूपेंद्र हुड्डा उनसे सवाल पूछ रहे हैं, जबकि मेरे सवालों का जवाब हुड्डा साहब दे नही पा रहे हैं। उन्होंने पहले भूपेंद्र हुड्डा से 15 सवाल पूछे थे। जिनका जवाब नहीं आया। इसके बाद उन्होंने पांच सवाल पूछे लेकिन उनका भी जवाब नहीं आया।

उन्होंने कहा कि दस वर्ष में भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने हर वर्ग का कल्याण किया है। प्रदेश में बिना क्षेत्रवाद के विकास करवाया गया है। जो लोग हिसाब मांग रहे हैं, उन्हें वो बताना चाहते हैं कि 12 मार्च को शपथ लेने के बाद 13 मार्च को विश्वास मत हासिल किया। 8 अक्टूबर तक 182 दिन बनते हैं तो 128 दिन आचार संहिता लगी रही। इस बीच जो मात्र 56 दिन का समय मिला तो उस समय में हरियाणा के लिए ऐतिहासिक निर्णय लेने काम किया। हुड्डा दस साल का हिसाब मांग रहे हैं तो वो 56 दिन का ही हिसाब दे रहे हैं। वो उनके 56 दिन के कार्यकाल पर ही प्रतिक्रिया दें। सैनी ने कहा कि सबसे पहले गरीब लोग, जिनकी आय एक लाख से कम हैं, ऐसे लोगों को एक हजार किलोमीटर तक हरियाणा रोडवेज की बसों में मुफ्त यात्रा की सौगात दी। युवाओं को नौकरियां लगाने का निर्णय लिया। एससी व बीसी समाज की धर्मशालाओं के नवीनीकरण के लिए 118 करोड़ रुपये जारी किया।

अनैतिक गतिविधियों के आरोप में पांच महिलाएं गिरफ्तार

हरिद्वार। धर्मनगरी हरिद्वार में मयार्दाओं को ताक पर रखकर तीर्थ यात्रियों से अनैतिक कार्य के लिए उकसाने और पैसों के लेनदेन को लेकर झगड़ रही पांच महिलाओं को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी आरोपित महिलाओं का चालान कर दिया है। पुलिस के अनुसार, हरिद्वार रेलवे स्टेशन के बाहर ऑटो-रिक्शा चालकों और यात्रियों से रुपयों के लेन-देन को लेकर बहस और धक्का मुक्की कर शांति भंग कर रही इन पांच महिलाओं को गिरफ्तार किया गया। आरोप है कि ये महिलाएं यात्रियों को अनैतिक कार्य के लिए उकसाते उन्हें अपने साथ चलने के लिए गलत इशारे कर रही थीं, जिससे उनके बीच झगड़ा हो गया। गौरतलब है कि यह पहली बार नहीं है जब इस तरह की हरकतों के लिए रेलवे स्टेशन परिसर और इसके आसपास महिलाओं को पकड़ा गया है। पकड़ी गई महिलाओं की उम्र 30 से 40 वर्ष के बीच है और वे कनखल, हरिद्वार और ज्वालापुर क्षेत्र की रहने वाली हैं। पुलिस ने इनके खिलाफ धारा 170 के तहत चालान कर दिया गया है।

बांग्लादेश : मोहम्मद युनुस के वायदे का सच सामने आया

सरकारी शिक्षण संस्थानों में हिंदू शिक्षकों से जबरन लिया जा रहा इस्तीफा

ढाका। एजेंसी

बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार की बर्खास्तगी के बाद कट्टरपंथी देश के विभिन्न सरकारी क्षेत्रों में काम करने वाले हिंदू कर्मचारियों को निशाना बना रहे हैं। उन्हें सरकारी नौकरियों से इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया जा रहा है। ताजा मामला सरकारी शिक्षण संस्थानों में काम करने वाले हिंदु शिक्षकों से जबरन इस्तीफा लिए जाने का है। जिसमें बकरगंज के सरकारी कॉलेज की प्रिंसिपल शुक्ला रानी हलदर की तस्वीर सामने आई है, जिसमें वे इस्तीफा देते हुए दिख रही हैं।

बांग्लादेशी दैनिक प्रोथोम अलो के मुताबिक 29 अगस्त की दोपहर छात्रों और कुछ बाहरी लोगों के समूह ने प्रिंसिपल शुक्ला रानी हलदर के कार्यालय को लगभग चार घंटे तक घेरे रखा और अंततः उन्हें इस्तीफा देने के लिए मजबूर होना पड़ा। इस दौरान उन्हें भीड़ ने जिस तरह बंधक बनाए रखा, वे काफी असहज दिख रही थीं, जिसकी तस्वीर देखते ही देखते सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। 14वें बीसीएस शिक्षा संवर्ग की अधिकारी शुक्ला रानी हलदर ने 2022 के मध्य में बेकरगंज सरकारी कॉलेज के प्रिंसिपल के रूप में जिम्मेदारी संभाली थी।इससे पहले, उन्होंने बरिशाल में सरकारी ब्रोजोमोहन (बीएम) कॉलेज में अंग्रेजी प्रोफेसर के रूप में कार्य किया। सोशल मीडिया पर कई शिक्षाविदों और पूर्व छात्रों ने उनके जबरन इस्तीफा लिए जाने की निंदा की। बांग्लादेश से निर्वासित लेखिका तस्लीमा नसरीन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि बांग्लादेश में हिंदुओं के हालात चिंताजनक हैं, सरकारी अधिकारियों को मार रहे हैं। उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। जेलों में डाला जा रहा है। हिंदुओं के अलावा, अहमदिया मुसलमानों को भी प्रताड़ित किया जा रहा है, उनके उद्योगों को जलाया जा रहा है। सूफी मुसलमानों की मजारों और दरगहों को ध्वस्त किया जा रहा है। इन सब पर नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस चुप हैं। दावा किया जा रहा है कि शेख हसीना के देश छोड़ने के दिन 05 अगस्त से अबतक करीब 50 हिंदु शिक्षकों को देश के विभिन्न शिक्षण संस्थानों से इस्तीफा देना पड़ा है।

यूपी के 30 और अस्पतालों को मिला एनक्वास

लखनऊ। रामपुर जिला महिला अस्पताल समेत प्रदेश की 30 और स्वास्थ्य इकाइयों को नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (एनक्वास) प्रमाण पत्र मिल गया है। इस तरह वर्ष 2025 के अंत तक प्रदेश की 50 फीसदी स्वास्थ्य इकाइयों को एनक्वास प्रमाणित कराने के लक्ष्य की ओर स्वास्थ्य विभाग अग्रसर है। बड़ी बात यह है कि रामपुर जिला महिला अस्पताल को एनक्वास, लक्ष्य और मुस्कान तीनों प्रमाण पत्र प्राप्त हुए हैं। इन 30 स्वास्थ्य इकाइयों को मिलाकर प्रदेश में अब तक 307 अस्पतालों को एनक्वास मिल चुका है। इसी बीच राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की मिशन निदेशक ने विभिन्न जिलों की 31 और स्वास्थ्य इकाइयों का जल्द स्टेट एसेसमेंट करने का निर्देश दिया है। एनएचएम के महाप्रबंधक डॉ. निशांत जायसवाल के अनुसार जिन 30 स्वास्थ्य इकाइयों को हाल में एनक्वास प्रमाण पत्र मिला है, उनमें रामपुर जिला महिला अस्पताल के अलावा शाहजहांपुर की तिलहर, कानपुर देहात की गजनेर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) और लखनऊ की अर्बन पीएचसी शामिल है।

पैसों का रोना रो रही सुक्खू सरकार, कर्ज लेकर भी नहीं हो रहे विकास कार्य : भाजपा

शिमला। एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी ने आर्थिक मोर्चे पर एक बार फिर प्रदेश की सुक्खू सरकार को घेरा है। भाजपा का कहना है कि सत्ता संभालने के बाद ही सुक्खू सरकार पैसे का रोना रो रही है। कांग्रेस की सुक्खू सरकार ऋण लेकर भी प्रदेश को चलाने में नाकाम दिख रही है और विकास नहीं हो रहा है। प्रदेश भाजपा महामंत्री बिहारी लाल शर्मा ने रविवार को जारी एक बयान में बताया कि कांग्रेस पार्टी के नेता केवल आंकड़ों के मायाजाल से जनता का ध्यान भटकने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 में जिस समय सोलहवें वित्त आयोग की सिफारिशें लागू होंगी, सरकार को लोन किस्त व ब्याज की अदायगी के लिए 12361 करोड़ रुपये की जरूरत पड़ेगी। अगले वित्त वर्ष यानी 2027-28 में लोन किस्त के 4730 करोड़ व ब्याज के 8115 करोड़ रुपये को मिलाकर दोनों मदों में कुल 12845 करोड़ रुपये की देनदारी होगी। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार 2028-29 में लोन किस्त 5072 करोड़ व ब्याज अदायगी 8865 करोड़ को मिलाकर एक साल की देनदारी 13,937 करोड़ रुपये रहेगी।

वित्त वर्ष 2029-30 में लोन किस्त के 5347 करोड़ रुपये व ब्याज के 9595 करोड़ रुपये को मिलाकर कुल एक साल की देनदारी 14942 करोड़ रुपये होगी। अंतिम वित्त वर्ष यानी 2030-31 में लोन किस्त 6126 करोड़ रुपये व ब्याज अदायगी 10507 करोड़ को मिलाकर ये रकम 14942 करोड़ होगी। यानी पांच साल में लोन किस्त की अदायगी 26101 करोड़ रुपये व ब्याज के 44617 करोड़ रुपये को मिलाकर कुल पांच साल की देनदारी 70718 करोड़ रुपये होगी।

भाजपा को सता रहा हार का डर : सूर्यकांत

देहरादून। एजेंसी

कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि एक बार फिर निकायों में प्रशासकों के तीन महीने के कार्यकाल के विस्तार से यह स्पष्ट होने लगा कि भाजपा सरकार को हार का डर सता रहा है। धस्माना ने अपने कैंप कार्यालय में रविवार को पत्रकार वार्ता में आरोप लगाया कि हाई कोर्ट की फटकार के बाद झूठा आश्वासन देकर एक बार फिर तीन महीने के लिए नगर निकायों का विस्तार करना इस बात को पुख्ता कर रहा है कि भाजपा राज्य के निकायों में अपनी हार के डर से चुनावों से भाग रही है।

पिछले सात वर्षों में उत्तराखंड में भाजपा कार्यकाल में जिस प्रकार से नगर निगमों, नगरपालिका परिषद व नगर पंचायतों की उपेक्षा हुई और जमकर भ्रष्टाचार हुआ उससे भाजपा सरकार को आशंका है कि जनता चुनाव में उसको जवाब देगी। उन्होंने कहा कि राजधानी देहरादून के नगर निगम में पिछले लगातार तीन कार्यकालों से भाजपा के बहुमत वाला बोर्ड और मेयर है किंतु देहरादून का जिस प्रकार से बुरा हाल नागरिक सुविधाओं के मामले में हुआ है वो जगजाहिर है।

जल विद्युत परियोजना के प्रभावितों को भारतीय कंपनी देगी 140 करोड़ का मुआवजा

काठमांडू। एजेंसी

नेपाल के संखुवासभा में बनने जा रही 669 मेगावाट क्षमता की लोअर अरुण जलविद्युत परियोजना से प्रभावित होने वाले 268 परिवारों को करीब 140 करोड़ रुपये मुआवजा दिया जाएगा। इसके लिए नेपाल सरकार, राज्य सरकार और स्थानीय निकाय के साथ भारतीय कंपनी सतलज जल विद्युत निगम समन्वय का काम कर रही है।

सतलज जल विद्युत निगम द्वारा प्रस्तावित लोअर अरुण जलविद्युत परियोजना के पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन की मसौदा रिपोर्ट के अनुसार परियोजना के निर्माण के लिए लगभग 65 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा। लोअर अरुण पावर डेवलपमेंट कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरुण धीमान ने बताया कि इस परियोजना के लिए 65 हेक्टेयर निजी भूमि के अलावा 70 हेक्टेयर वन क्षेत्र और 6 हेक्टेयर सरकारी भूमि का भी अधिग्रहण किया जाएगा। धीमान ने बताया कि प्रभावित 268 परिवारों को 1 अरब 40 करोड़ रुपये का मुआवजा वितरित किया जाएगा। नेपाल और भारत सरकार के बीच इस परियोजना के निर्माण पर समझौता होने के बाद भारत सरकार की तरफ से पहली किस्त के रूप में 500 करोड़ रुपये भी अवमुक्त कर दिए गये हैं। इसके बाद ही सतलज कंपनी ने प्रभावित क्षेत्र के निवासियों के साथ चर्चा शुरू कर दी है।

900 मेगावाट क्षमता के अरुण-3 जलविद्युत उत्पादन से निकलने वाले पानी को 17.4 किमी सुरंग के माध्यम से खादबारी के चेवाबेसी तक लाकर इसी पानी से 669 मेगावाट बिजली उत्पादन किए जाने की योजना है।

हेरोइन तस्करी के आरोप में महिला सहित दो गिरफ्तार

कुल्लू। मनाली व पतलीकुहल पुलिस द्वारा हेरोइन तस्करी में महिला सहित दो को गिरफ्तार किया है। थाना मनाली के अंतर्गत नशा तस्करी का मामला उस दौरान सामने आया जब पुलिस को गुप्त सूत्रों से जानकारी मिली कि एक महिला हेरोइन का कारोबार कर रही है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने रांगड़ी के समीप रिहायशी मकान में दबिश दी जहां से पुलिस ने 9 ग्राम हेरोइन बरामद की। पुलिस ने महिला निवासी बरोह जिला कांगड़ा को गिरफ्तार कर लिया। अन्य मामला रविवार को उस दौरान सामने आया जब पुलिस द्वारा डोभी में एक युवक की शक के आधार पर तलाशी ली तो उसके कब्जे से 4 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद हुई। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कार्तिकेयन ने बताया कि पुलिस ने आरोपी विशान्त (29) पुत्र शान्ति स्वरुप निवासी गांव कमारडा डाकघर शिरढ़ तहसील व जिला कुल्लू के विरुद्ध मादक।पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

प्रतिभा धनखड़ ने देहरादून स्थित राष्ट्रीय भारतीय सैन्य महाविद्यालय के कैडेट्स को किया संबोधित, कहा

जिंदगी की जंग लड़ने के लिए खुद में साहस व ज्ञान विकसित करनी होगी

- डर की भावना आपकी प्रतिभा के उपयोग और संभावनाओं की वास्तविकता में बाधा डालती है
- हमेशा याद रखें कि डर हमारे विकास की यात्रा का आवश्यक हिस्सा है

देहरादून। एजेंसी

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को कहा कि हमेशा राष्ट्रीयहित को प्राथमिकता दें, भारत माता आपका इंतजार कर रही है। राष्ट्र का भविष्य आपके कंधों पर है। जिंदगी की जंग लड़ने के लिए खुद में साहस और ज्ञान विकसित करनी होगी। जो लोग चुनौती का सामना करने में जोखिम उठाते हैं, वही साहस, पहल और नेतृत्व करते हैं।

उपराष्ट्रपति धनखड़ ने रविवार को देहरादून स्थित राष्ट्रीय भारतीय सैन्य महाविद्यालय के कैडेट्स को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जीवन में कभी विफलता से न डरें, यह सफलता की ओर एक कदम है। डर की भावना आपकी प्रतिभा के उपयोग और आपके संभावनाओं की वास्तविकता में बाधा डालती है। हमेशा याद रखें कि डर हमारे विकास की यात्रा का आवश्यक हिस्सा है। चंद्रयान मिशन की सफलता की कहानी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक चंद्रयान मिशन को याद करें! चंद्रयान 2 आंशिक रूप से सफल हुआ लेकिन पूरी तरह से नहीं। कुछ के लिए यह विफलता थी और समझदार लोगों के लिए यह सफलता की ओर एक कदम था। पिछले वर्ष 23 अगस्त को चंद्रयान 3 ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर लैंड किया और भारत इस उपलब्धि को हासिल करने वाला पहला राष्ट्र बन गया।

धनखड़ ने कहा कि देश की सेवा गर्व और निर्भीकता के साथ करें! हमेशा राष्ट्रीय हित को प्राथमिकता दें। आपका आचरण अनुशासन, शिष्टाचार और सहानुभूति का उदाहरण होना चाहिए। उपराष्ट्रपति ने वर्तमान और पूर्व छात्रों और समुदाय से आग्रह किया कि वे एक थिंक टैंक के रूप में कार्य करें और युवाओं में राष्ट्रीयता की भावना का संचार करें और उन लोगों के खिलाफ कदम उठाएं जो ग्राउंड रियलिटी से अज्ञात हैं और भारत की अद्वितीय आर्थिक वृद्धि, विकास यात्रा और वैश्विक मंच पर उन्नति को नहीं मानते।

उन्होंने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के 10 दिसंबर 1962 को आरआईएमसी कैडेट्स को दिए गए भाषण को स्मरण दिलाते हुए दोहराया कि पृथ्वी बहादुरों की होती है, आत्मा में ताकत रखने वालों की होती है, आलसी और अक्षम लोगों की नहीं। इस महान प्रतिस्पर्धा और प्रतिद्वंद्विता की दुनिया में हमें आत्मनियंत्रण और बलिदान से जीवन जीना होगा। इन महान आदर्शों को जीवन में धारण करें। धनखड़ ने कैडेट्स को कठिनाइयों के समय भी खड़ा रहने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि मेरे प्रिय युवा कैडेट्स, आपकी व्यक्तिगत और पेशेवर यात्रा में, आप ऐसे क्षणों का सामना करेंगे जो आपको परखेंगे।

उपराष्ट्रपति धनखड़ ने आरआईएमसी और सैनिक स्कूलों में लड़कियों की भर्ती की सराहना करते हुए कहा कि ये कदम लिंग समानता और न्याय के लिए महत्वपूर्ण प्रगति को दशार्ते हैं। हमारी महिलाएं लड़ाकू विमानों की पायलट हैं, वे अंतरिक्ष मिशनों की कमान संभाल रही हैं और हर रुकावट को तोड़ रही हैं।

ग्रामसभाओं के जरिये होगी धर्मांतरितों की डी-लिस्टिंग : डॉ. मन्नालाल रावत

- मध्यप्रदेश राज्य की कई ग्राम सभाओं में इस तरह के प्रस्ताव पारित किए जा चुके हैं

उदयपुर। एजेंसी

धर्मांतरित हुए परिवारों को जनजाति आरक्षण का लाभ लेने से वंचित करने के लिए अब ग्राम सभाओं में इस संबंध में प्रस्ताव पारित कराए जाएंगे। उदयपुर सांसद डॉ मन्नालाल रावत की पहल पर इस योजना पर काम शुरू हो गया है।

सांसद डॉ रावत ने इस संबंध में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को लिखे पत्र में कहा है कि प्रदेश में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाए। उसके एजेंडे में विशिष्ट संस्कृति छोड़ कर ईसाई व इस्लाम धर्म अपनाने वाले परिवारों का सांस्कृतिक सर्वे कराने का प्रस्ताव लिया जाए। सर्वे के बाद ग्राम सभाओं में ही धर्मांतरित परिवारों को अनुसूचित जनजाति की श्रेणी में आरक्षण का लाभ नहीं दिए जाने संबंधी प्रस्ताव पारित कराए जाएंगे। पूर्व में मध्यप्रदेश राज्य की कई ग्राम सभाओं में इस तरह के प्रस्ताव पारित किए जा चुके हैं। सांसद रावत ने बताया कि अनुसूचित जनजातियों की पहचान के लिए पांच मानक स्थापित किए गए हैं जिनमें आदिम लक्षण, विशिष्ट संस्कृति, भौगोलिक अलगाव, बड़े पैमाने पर समुदाय में संकोच व पिछड़ापन शामिल हैं।

संक्षिप्त खबरें

क्वार्टर फाइनल में हारीं मनदीप कौर और पलक कोहली

पेरिस। भारत के लिए पेरिस पैरालंपिक 2024 में रविवार चौथे दिन की शुरूआत अच्छी नहीं हुई है। भारतीय पैरा शटलर मनदीप कौर एवं पलक कोहली अपना-अपना क्वार्टर फाइनल मैच हार गई हैं। इसकी के साथ दोनों खिलाड़ियों का पेरिस पैरालंपिक में सफर समाप्त हो गया है। रविवार को मनदीप कौर महिला एकल एसएल3 वर्ग के क्वार्टरफाइनल मैच में नाइजीरिया की खिलाड़ी मरियम बोलाजी से हार गई। मैच में मनदीप शुरूआत से लय में नहीं दिखीं। नाइजीरिया की मरियम बोलाजी ने आसानी से पहला गेम 21-8 से अपने नाम किया। इसके बाद दूसरे गेम में भी मनदीप वापसी नहीं कर सकीं और नाइजीरियाई खिलाड़ी ने यह गेम भी 21-9 से जीत लिया। इस तरह नाइजीरियाई खिलाड़ी ने मनदीप को 21-8, 21-9 से सीधे सेटों में आसानी से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। मनदीप के बाद पैरा शटलर पलक कोहली भी महिला एकल एसएल4 वर्ग के क्वार्टर फाइनल मैच में हार गईं। उन्हें इंडोनेशिया की एथलीट सदियाह खलीमातुस ने 21-19, 21-15 के सीधे सेटों में हरा दिया है। इस साल भारत ने पैरालिंपिक में अब तक का अपना सबसे बड़ा दल भेजा है, जिसमें 12 खेलों के 84 एथलीट शामिल हैं। भारत अब तक पेरिस पैरालंपिक में एक स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य समेत कुल पांच पदक अपने नाम कर चुका है।

रामकृष्ण,अवनि, सिद्धार्थ मिश्रित निशानेबाजी स्पर्धा से हुए बाहर

पेरिस। भारतीय निशानेबाज श्रीहर्ष देवरेड्डी रामकृष्ण रविवार को पेरिस पैरालंपिक खेलों की निशानेबाजी स्पर्धा के मिश्रित 10 मीटर एयर राफइल प्रोन एसएच2 में फाइनल में जगह बनाने से चूक गए। रामकृष्ण ने क्वालीफायर राउंड में 630.2 अंकों के साथ 26वें स्थान पर रहे एवं पैरालंपिक अभियान से बाहर हो गए। इससे पहले भारतीय पैरा निशानेबाज अवनि लेखरा और सिद्धार्थ बाबू रविवार को पैरा निशानेबाजी की मिश्रित 10 मीटर एयर राइफल प्रोन एसएच1 क्वालिफिकेशन से बाहर हो गई थी। मिश्रित 10 मीटर एयर राइफल प्रोन एसएच1 निशानेबाजी स्पर्धा जीतने वाली अवनी 632.8 के स्कोर के साथ 11वें स्थान पर रहीं। सिद्धार्थ 628.3 अंकों के साथ 28वें स्थान मिला। उल्लेखनीय है कि इस सप्ताह अवनि ने 10 मीटर एयर पिस्टल एसएच1 वर्ग की स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता था।

अजमेर में शतरंज प्रतियोगिता 28 सितंबर से

अजमेर। राजस्थान के अजमेर में खेलों को प्रोत्साहन देने वाली संस्था 'स्पोटीर्बाइट' की ओर से दो दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी, जिसमें बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक प्रतिभागी बन सकेंगे। अजमेर में स्पोटीर्बाइट की ओर से आयोजन समन्वयक अनुपम गोयल ने रविवार को यहां पत्रकारों को बताया कि 28 तथा 29 सितंबर को नई सौगात के रूप में खेल प्रेमियों को शतरंज प्रतियोगिता के रोमांच से शहरवासियों को रूबरू कराया जायेगा। प्रतियोगिता में सभी आयुवर्ग के खेल प्रेमी भाग ले सकेंगे। उन्होंने बताया कि खेल का स्थान प्रतिभागियों की संख्या को देखते हुए निर्धारित किया जायेगा। शतरंज प्रतियोगिता के लिए न्यूनतम 200 टेबल की व्यवस्था के साथ 500 खिलाड़ियों का लक्ष्य रखा गया है लेकिन प्रतिभागियों की संख्या ज्यादा होगी तो टेबल की संख्या बढ़ाई जायेगी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता की कुल ईनामी राशि 51000 रुपये रखी गयी है। विजेताओं को कुल 61 ईनाम, ट्राफियां तथा सभी प्रतिभागियों को संस्थान का प्रमाणपत्र दिया जायेगा। इस अवसर एस.ए.ए. काजमी (सीनियर आर्बिटर), महेंद्र मंडार (शतरंज कोच), अनुपम गोयल (स्पोर्ट्स इवेंट प्लानर), राहुल शर्मा, उदित याग्निक, विष्णु शर्मा मौजूद रहे।

हॉकी इंडिया बेरोजगार खिलाड़ियों को देगी दो लाख रुपए

● हॉकी इंडिया की एजीएम में 31 राज्य सदस्य इकाई और हॉकी इंडिया कार्यकारी बोर्ड के सदस्यों ने प्रतिभाग किया

लखनऊ। एजेंसी

खिलाड़ी बिना किसी दिक्कत के अपने खेल कॅरियर पर फोकस कर सके। इसके लिए हॉकी इंडिया ने बड़ी पहल की है। इसके तहत भारतीय पुरुष और महिला संभावित कोर ग्रुप के खिलाड़ियों को दो लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी, जिनको अभी नौकरी नहीं मिली है। यह फैसला रविवार को लखनऊ में आयोजित 14वीं हॉकी इंडिया कांग्रेस में लिया गया। इस बैठक में यह भी फैसला लिया गया कि हॉकी इंडिया फिर से हॉकी इंडिया लीग की शुरूआत करेगा, जिसमें पहली बार महिलाओं की भी लीग होगी। यह फैसला हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की, महासचिव भोलानाथ, कोषाध्यक्ष शेखर जे. मनोहरन, कार्यकारी निदेशक कमांडर आरके श्रीवास्तव सहित भारतीय हॉकी टीम की चयन समिति के चेयरमैन डॉ. आरपी सिंह की मौजूदगी में हुई एजीएम में लिया गया। इसी के साथ वार्षिक साधारण सभा (एजीएम) में हॉकी इंडिया के संस्थापक सदस्य डा.आनन्देश्वर पाण्डेय (महासचिव, उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ) को खेल के प्रसार में उनके योगदान के लिए सम्मानित भी किया गया।

लखनऊ में पहली बार हुई हॉकी इंडिया की एजीएम में 31 राज्य सदस्य इकाई और हॉकी इंडिया कार्यकारी बोर्ड के सदस्यों ने प्रतिभाग किया। इस बैठक के बाद पदाधिकारियों ने लिए गए फैसलों की जानकारी दी। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा कि दो लाख रुपए का आर्थिक अनुदान उन खिलाड़ियों को मिलेगा जिन्हें अभी तक सरकारी विभागों या सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों में नौकरी नहीं मिली है। अधिकांश हॉकी खिलाड़ियों को सार्वजनिक उपक्रमों और सरकारी विभागों द्वारा घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उनके प्रदर्शन के लिए नौकरी दी जा रही है। हालांकि यह देखने को मिला है कि सीनियर कोर ग्रुप में कुछ नए खिलाड़ी, विशेषकर महिलाओं में अभी बेरोजगार है।

वित्तीय सहायता उन्हें या उनके परिवारों को अपनी जरूरतें पूरी करने में सहायक होगी। इस अवसर पर महासचिव भोलानाथ सिंह ने बताया कि हॉकी इंडिया फिर से अपनी हॉकी लीग की शुरूआत कर रहा है जिसमें पहली बार महिलाओं की लीग भी होगी। इसकी शुरूआत 28 दिसंबर, 2024 से प्रस्तावित है। हमारी योजना है कि पुरुष वर्ग की लीग राउरकेला (ओडिशा) व महिला वर्ग की रांची (झारखंड) में होगी। लीग के लिए खिलाड़ियों की नीलामी 16-17 अक्टूबर 2024 को नई दिल्ली में होना प्रस्तावित है।

लीग में पुरुषों में आठ टीमों को व महिलाओं में 6 टीमों को जगह मिलेगी

अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने बताया कि लीग में पुरुषों में आठ टीमों को व महिलाओं में 6 टीमों को जगह मिलेगी, जिनके बीच राउंड रॉबिन लीग के आधार पर मुकाबले होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि हॉकी की बेहतरी के लिए हम जोनल ग्रास रुट प्रोग्राम को बेहतर रुप प्रदान करेंगे। महासचिव भोलानाथ सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश का हॉकी में काफी उल्लेखनीय योगदान है और हमारी योजना निकट भविष्य में लखनऊ में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के टूनार्मेंट कराने की योजना है। हम यूपी में हॉकी को बढ़ावा देने के लिए काम करेंगे। इसके साथ ही लास एजेंल्स ओलंपिक-2028 को देखते हुए हम प्रतिभाशाली संभावित खिलाड़ियों का एक पूल बनाकर उनकी ट्रेनिंग कराएंगे क्योंकि उससे पहले एशियन गेम्स व वर्ल्ड कप जैसे महत्वपूर्ण आयोजन भी होंगे। इसके साथ ही एजीएम में अधिकारियों ने सीनियर और जूनियर पुरुषों और महिलाओं में भारतीय राष्ट्रीय टीमों द्वारा की गई प्रगति, भारत में आगामी आयोजनों और जमीनी स्तर पर विकास कार्यक्रमों पर भी चर्चा की।

हरमनप्रीत को नहीं मिला डब्ल्यूबीबीएल में अनुबंध

सिडनी। एजेंसी

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर को ऑस्ट्रेलिया में खेली जाने वाली वींमस बिश बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) के आगामी सत्र में किसी भी टीम से कोई अनुबंध नहीं मिला है। हरमनप्रीत की पुरानी टीम मेलबर्न रेनेगेड्स के पास उन्हें खरीदने का अवसर था लेकिन उन्होंने हरमनप्रीत का चयन नहीं किया। लीग के आगामी सत्र में जेमिमाह रॉड्रिग्स, दीप्ति शर्मा सहित कुल छह भारतीय खिलाड़ी भाग लेगी। डब्ल्यूबीबीएल ड्राफ्ट में कुल पांच भारतीय खिलाड़ियों को चुना गया है। रॉड्रिग्स को ब्रिस्बेन हीट ने अपनी टीम में शामिल किया जबकि दीप्ति को मेलबर्न स्टार्स ने अपने साथ जोड़ा। रॉड्रिग्स और दीप्ति दोनों को उनकी टीमों ने प्लेटिनम राउंड में खरीदा किया। दूसरे राउंड में शिखा पांडे को ब्रिस्बेन हीट ने अपने 15वें पिक खिलाड़ी के तौर पर ड्राफ़्ट कर लिया।

रॉड्रिग्स और शिखा दोनों ही डब्ल्यूपीएल (दिल्ली कैपिटल्स) और डब्ल्यूसीपीएल (ट्रिनबैगो नाइट राइडर्स) की टीम मेट जेस जॉनासन के साथ खेलती नजर आएंगी। जबकि दीप्ति मेलबर्न स्टार्स की कप्तान मेग लानिंग के साथ हाल ही में हुए द हंड्रेड में लंदन स्पिरिट का हिस्सा थीं। वहीं तीसरे राउंड में पर्थ स्कॉर्चर्स ने दयालन हेमलता को अपने दल में शामिल कर लिया। वहीं इसी राउंड में विकेटकीपर यास्तिका भाटिया को मेलबर्न स्टार्स ने अपने दल में शामिल किया। डब्ल्यूपीएल में हेमलता और बेथ मूनी गुजरात जायंट्स का हिस्सा हैं और डब्ल्यूबीबीएल के आगामी सीजन में भी यह दोनों एक ही टीम (पर्थ स्कॉर्चर्स) के लिए खेलती नजर आएंगी। भारतीय सलामी बल्लेबाज स्मृति मांधना को एडिलेड स्ट्राइकर्स ने प्री सत्र ड्राफ्ट में ही अपने दल में शामिल कर लिया था।

पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी नित्या सिवान ने सेमीफाइनल में बनाई जगह

पेरिस। एजेंसी

भारतीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी नित्या स्त्रे सिवान ने पेरिस पैरालंपिक 2024 में महिला एकल एसएच6 स्पर्धा के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। रविवार को खेले गए इस स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में उन्होंने पोलैंड की ओलिविया स्ज्मिगिएल को 21-4, 21-7 से हरा दिया।

19 वर्षीय नित्या को क्वार्टर फाइनल में पोलैंड की खिलाड़ी ओलिविया स्ज्मिगिएल को हराने में ज्यादा परेशानी नहीं हुई। नित्या ने शुरूआत से अपना दबदबा कायम रखा और पहला गेम 21-4 से अपने नाम किया। इसके बाद दूसरे गेम में भी उन्होंने पोलैंड की खिलाड़ी को वापसी का कोई मौका नहीं दिया और यह गेम भी 21-7 अपने नाम कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।

पेरिस पैरालंपिक : मनीषा रामदास पैरा बैडमिंटन महिला एकल के सेमीफाइनल में

● दूसरे गेम भी 21-16 अपने नाम कर मनीषा ने सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया

पेरिस। एजेंसी

भारतीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी मनीषा रामदास पेरिस पैरालंपिक में महिला एकल एसयू5 स्पर्धा के सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं। उन्होंने इस स्पर्धा के क्वार्टरफाइनल मुकाबले में जापान की मामिको टोयोडा को 21-13, 21-16 से हरा दिया है। 19 वर्षीय मनीषा ने क्वार्टर फाइनल में जापान की खिलाड़ी मामिको टोयोडा पर शुरूआत से अपना दबदबा कायम रखा और पहला गेम 21-13 से अपने नाम किया। इसके बाद दूसरे गेम में भी वह जापान की खिलाड़ी पर भारी पड़ीं। दूसरे गेम भी 21-16 अपने नाम कर मनीषा ने सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। अब मनीषा पदक पक्का करने से महज एक जीत दूर हैं। फाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाए अवनि और सिद्धार्थ स्टार निशानेबाज अवनि लेखरा और सिद्धार्थ बाबू रविवार को पेरिस पैरालंपिक में मिक्स्ड 10 मीटर एयर राइफल प्रोन एसएच1 स्पर्धा के फाइनल में क्वालीफाई नहीं कर पाए। 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाली अवनि ने इस स्पर्धा के क्वालिफिकेशन राउंड में कुल 632.8 अंकों के साथ 11वां स्थान हासिल किया, जबकि सिद्धार्थ ने 628.3 अंकों के साथ 28वें स्थान पर रहे। क्वालीफिकेशन राउंड से शीर्ष 8 एथलीट फाइनल में पहुंचते हैं।

झारखंड राज्य सीनियर चॉकबॉल टीम के लिए ओपन चयन ट्रायल संपन्न

संवाददाता

रांची। झारखंड राज्य चॉकबॉल संघ के द्वारा रविवार को जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम कोर्ट रोड रांची में सीनियर महिला वा पुरुष चॉकबॉल टीम के लिय ओपन चयन ट्रायल का आयोजन किया गया था, जिसमें पूरे झारखंड राज्य से लगभग 50 महिला/पुरुष खिलाड़ियों ने भाग लिया जिसमे से उनके प्रदर्शन के आधार पर 15 महिला एवं 15 पुरुष का चयन किया गया हैं जिनका 12 सितम्बर से 18 सितंबर 24 तक सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन जयपाल सिंह मुंडा खेल परिसर कोर्ट रोड रांची में किया जाएगा।

उस प्रशिक्षण शिविर के आधार पर 12 महिला वा 12 पुरूष खिलाड़ियों का फाइनल चयन किया जाएगा, जो आगामी दिनांक 21/09/24 से 25/09/24 तक नागौर, राजस्थान में आयोजित 15 वी राष्ट्रीय महिला/पुरुष चॉकबॉल प्रतियोगिता में झारखंड राज्य चॉकबॉल टीम का प्रतिनिधत्व करेंगे, प्रशिक्षण शिविर के लिए चयनीत खिलाड़ी इस प्रकार हैं। यह जानकारी झारखंड राज्य चॉकबॉल संघ के महासचिव ब्रजेश प्रसाद ने दी।

महिला खिलाड़ी : अंकिता तिर्की, अमीषा तिर्की, अमिका मिंज, तन्नू केरकेट्टा, सिवानी मिंज, सिमरन उरांव, जुही मुंडा, रिया कच्छप,जेनिफर तिर्की, आशा गाड़ी, भूमिका गाड़ी, निकिता कच्छप, रागनी कुमारी, कृति कुमारी एवं कोमल कुमारी सामिल हैं।

पुरुष खिलाड़ी : शुभम उरांव, प्रियांशु जॉन तिर्की, अन्दीप लकड़ा, आशीष लकड़ा, असीम अनुराग मिंज, अबेंजर जॉन मुंडू, अगस्टिन एलेन तिग्गा, अंकित एल्विन हुरहुरिया,अमन मार्टिन लकड़ा, विक्टर मोसेस तिग्गा, अनुज कुमार मुंडा, राहुल कच्छप,मनीष कुमार,रोहित कुमार एवं विकास कुमार सामिल हैं।

वाणिज्य

वित्तीय समावेशन प्रतिबद्धता को मजबूती से पूरा कर रहा है आईपीपीबी

नयी दिल्ली। एजेंसी

देश भर में वित्तीय समावेशन को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाने वाला इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी) ने रविवार को अपने सातवें स्थापना दिवस पर वित्तीय समावेशन की प्रतिबद्धता को मजबूती से पूरा करने को दोहराया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा एक सितम्बर 2018 को देश भर में इसकी शुरूआत किए जाने के बाद से, आईपीपीबी वंचित और बैंकिंग सेवाओं से वंचित परिवारों को उनके दरवाजे पर सुलभ, सस्ती और भरोसेमंद डिजिटल बैंकिंग सेवाएं प्रदान करके भारत के वित्तीय परिदृश्य को बदलने में सबसे आगे रहा है। आईपीपीबी ने पिछले सात वर्षों के दौरान इंडिया पोस्ट के 161,000 से अधिक डाकघरों और 1,90,000 डाक कर्मचारियों के व्यापक नेटवर्क का लाभ उठाते हुए वित्तीय समावेशन की खाई को पाटने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। आईपीपीबी के अभिनव दृष्टिकोण ने यह सुनिश्चित किया है कि देश भर में लाखों लोग, विशेष रूप से ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में, आवश्यक बैंकिंग सेवाओं तक पहुँच प्राप्त कर सकें, जिससे डोरस्टेप डिजिटल बैंकिंग सेवाओं के साथ हर घर को सशक्त बनाकर राष्ट्र के सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान मिल सके। आईपीपीबी की प्रमुख उपलब्धियां में 9.88 करोड़ से अधिक ग्राहक और 12 लाख से अधिक व्यापारी हैं । विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत लाभार्थियों को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) में 45,000 करोड़ से अधिक का सफलतापूर्वक वितरण किया। 7.10 करोड़ से अधिक ग्राहकों के लिए आधार कार्ड के लिए मोबाइल नंबर अपडेट की सुविधा प्रदान की। बीस लाख से अधिक पेंशनभोगियों के लिए डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र सेवाएं सक्षम कीं। संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा भारत के वंचित समुदायों को सशक्त बनाने के सात साल पूरे होने पर हमें आईपीपीबी द्वारा अब तक किए गए प्रभाव पर गर्व है।

अगस्त में शुद्ध जीएसटी राजस्व 1.50 लाख करोड़ के पार

नयी दिल्ली। एजेंसी

माल एवं सेवा कर (जीएसटी) शुद्ध राजस्व संग्रह चालू वित्त वर्ष में अगस्त में1.50 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है जो पिछले वित्त वर्ष में इसी महीने के 1.41 लाख करोड़ रुपये के जीएसटी राजस्व की तुलना में 6.5 प्रतिशत अधिक है। जीएसटी निदेशालय द्वारा रविवार को जारी मासिक आंकड़ों के अनुसार रिफंड के बाद अगस्त 2024 में शुद्ध जीएसटी राजस्व संग्रह 150501 करोड़ रुपये रहा है जो अगस्त 2023 के शुद्ध संग्रह 141346 करोड़ रुपए से 6.5 प्रतिशत अधिक है। जीएसटी के आंकड़ों के अनुसार जुलाई 2024 में कुल जीएसटी संग्रह 174962 करोड़ रुपये रहा है जो अगस्त 2023 के 159069 करोड़ रुपए की तुलना में 10 प्रतिशत अधिक है। अगस्त में संग्रहित राजस्व में सीजीटी 30862 करोड़ रुपये, एसजीएसटी 38411 करोड़ रुपये, आईजीएसटी 93621 करोड़ रुपये है, जिसमें आयात पर संग्रहित 49028 करोड़ रुपये भी शामिल है। इसके साथ ही जीएसटी क्षतिपूर्ति कर के तौर पर 12098 करोड़ रुपये है, जिसमें आयात पर संग्रहित 948 करोड़ रुपये भी शामिल है।

कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 39 रुपये तक महंगा, नई दरें लागू

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों (ओएमसी) ने कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में 39 रुपये प्रति सिलेंडर का इजाफा किया है। हालांकि, घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के दाम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। नई दरें रविवार से लागू हो गई हैं। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में 19 किलोग्राम वाले कॉमर्शियल गैस की कीमत 39 रुपये बढ़कर अब 1691.50 रुपये प्रति सिलेंडर हो गयी है, जो पहले 1652.50 रुपये में मिल रहा था। कोलकाता में इसका दाम बढ़ कर 1802.50 रुपये हो गया है, जो पहले 1764.50 रुपये था। इसी तरह मुंबई में कॉमर्शियल गैस की कीमत बढ़ कर 1605 रुपये से 1644 रुपये हो गयी है। इसके अलावा चेन्नई में ये सिलेंडर 1855 रुपये का मिल रहा है। हालांकि, 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में यह 803 रुपये और मुंबई में 802.50 रुपये का मिल रहा है।

एटीएफ 4,567.76 रुपये प्रति किलोलीटर तक सस्ता, नई दरें लागू

नई दिल्ली। एजेंसी

सावर्जनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों (ओएमसी) ने एविएशन टरबाइन फ्यूल (एटीएफ) की कीमतों में 4,495.50 रुपये प्रति किलोलीटर (1000 लीटर) तक की कटौती की है। एटीएफ के दाम घटने से हवाई सफर सस्ता होने की संभावना है। नई दरें रविवार से लागू हो गई हैं। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के अनुसार देश की राजधानी नई दिल्ली में एटीएफ की कीमत 4,495.50 रुपये घटकर 97,975.72 रुपये प्रति किलोलीटर से 93,480.22 रुपए किलोलीटर हो गया है। मुंबई में एटीएफ 4,217.56 रुपये घटकर 91,650.34 रुपये प्रति किलोलीटर से 87,432.78 रुपये प्रति किलोलीटर हो गया है। वहीं, चेन्नई में एटीएफ 4,567.76 रुपये सस्ता होकर 97,064.32 रुपये प्रति किलोलीटर हो गया है। इसके अलावा कोलकाता में एटीएफ 4,222.44 रुपये कम होकर 1,00,520.88 रुपये प्रति किलोलीटर से 96,298.44 रुपये किलोलीटर हो गया है। गौरतलब है कि त्योहारी सीजन में हवाई ईंधन के दाम घटने से हवाई सफर सस्ता होने की उम्मीद है। एटीएफ की दरों का सीधा असर विमान किराये पर दिखता।

दो सौ का स्कोर करने से बढ़ा टीम का आत्मविश्वास: वंश बेदी

नई दिल्ली। एजेंसी

पुरानी दिल्ली 6 के बल्लेबाज वंश बेदी का मानना है कि हालिया मैच में ईस्ट दिल्ली राइडर्स के खिलाफ उनके हार्ड हिटिंग प्रदर्शन ने टीम को आगे बढ़ने के लिए जरूरी आत्मविश्वास प्रदान किया है।

दिल्ली के अरूण जेटली स्टेडियम में आयोजित दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के इस मैच में ईस्ट दिल्ली के 241 रनों के विशालकाय स्कोर का पीछा करते हुए पुरानी दिल्ली 6 की टीम 27 रन से यह मैच हार गई थी, लेकिन गुरुवार को खेले गए इस मैच में उन्होंने अपने 20 ओवरों में 215 रन बनाकर बहादुरी से संघर्ष किया। मैच के बाद वंश बेदी ने कहा कि एक पारी में 200 रन बनाना निश्चित रूप से पुरानी दिल्ली 6 के लिए बहुत बड़ा प्रोत्साहन है और आगे भी इसी तरह का खेल जारी रखेंगे।

सिर्फ 41 गेंदों पर 96 रनों की तूफानी पारी खेलने वाले वंश के दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से आउट हो जाने के कारण पुरानी दिल्ली 6 इस करीबी मुकाबले को हार गई थी। युवा बल्लेबाज ने अपनी पारी के दौरान 11 छक्के लगाए और टीम को विशालकाय स्कोर का पीछा करते हुए कभी भी पिछड़ने नहीं दिया।

वंश ने आगे कहा कि यहां बल्लेबाजी करना शानदार था, यह विकेट बल्लेबाज के लिए अपने शॉट्स खेलने और जहां चाहे वहां छक्का लगाने के लिए एकदम सही था और मैंने वैसा ही किया। उन्होंने आगे कहा जब मैं क्रीज पर था तो मुझे पूरा यकीन था कि हम मैच जीत लेंगे, लेकिन दुर्भाग्य से मेरे आउट होने के बाद ऐसा संभव न हो सका।

पहली सब जूनियर पुरुष, महिला अंतर-क्षेत्रीय चैंपियनशिप आज से

- मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में होगा

नई दिल्ली। एजेंसी

पहली सब जूनियर इंटर-जोन चैंपियनशिप 2024, एक सितंबर से शुरू हो रही है। रांची, सब जूनियर पुरुष इंटर-जोन चैंपियनशिप और हरियाणा का नरवाना सब जूनियर महिला इंटर-जोन चैंपियनशिप 2024 की मेजबानी करेगा।

हॉकी इंडिया (एचआई) की विज्ञप्ति के अनुसार, पहली हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष अंतर-जोन चैंपियनशिप 2024 में, छह टीमों को दो पूलों में बांटा गया है, इसमें पूल ए में उत्तर क्षेत्र, दक्षिण क्षेत्र और साई, पूल बी में पूर्व क्षेत्र, पश्चिम क्षेत्र और अकादमी शामिल हैं। सात दिवसीय टूर्नामेंट मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा, जिसने अतीत में अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों की सफलतापूर्वक मेजबानी की है, जिससे युवा हॉकी खिलाड़ियों को एक अंतरराष्ट्रीय स्थल का अनुभव करने का अवसर मिलेगा।

इस बीच, नरवाना में पहली हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला अंतर-क्षेत्रीय चैंपियनशिप 2024 में पूल ए में उत्तर क्षेत्र, पूर्व क्षेत्र, साई बाल और पूल बी में दक्षिण क्षेत्र, पश्चिम क्षेत्र, साई शक्ति और अकादमी शामिल होंगे। इस आयोजन को लेकर हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा हमें राष्ट्रीय हॉकी कैलेंडर में हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष और महिला अंतर-क्षेत्रीय चैंपियनशिप शुरू करने की खुशी है। यह महत्वाकांक्षी हॉकी खिलाड़ियों के लिए एक महत्वपूर्ण आयोजन होगा, और उनके लिए जूनियर टूर्नामेंट में आगे बढ़ने का रोड मैप तैयार करेगा। इस टूर्नामेंट के माध्यम से, हम न केवल युवाओं को चमकने का मौका देना चाहते हैं, बल्कि उन्हें कम उम्र से ही प्रतिस्पर्धी हॉकी में निपुण बनाना चाहते हैं। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने भी इस टूर्नामेंट के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा सब-जूनियर के लिए इस शानदार टूर्नामेंट की शुरूआत करके हमें बेहद खुशी हो रही है।

यह पहल हमारे जमीनी स्तर के विकास कार्यक्रम का हिस्सा है, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि अधिक खिलाड़ियों को पहचान मिलेगी और हम कम उम्र में ही प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की खोज कर सकेंगे। हॉकी झारखंड और हॉकी हरियाणा का विशेष उल्लेख करना चाहूंगा, जिन्होंने इन चैंपियनशिप की मेजबानी की जिम्मेदारी ली है। हम चाहते हैं कि युवा खिलाड़ियों को इन आयोजनों के दौरान बेहतरीन अनुभव मिले।

मनदीप कौर ने क्वार्टर फाइनल के लिए किया क्वालीफाई

- मनदीप ने ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी सेलिन के खिलाफ पहला गेम 23-21 से हार गईं
- मनदीप ने यह मैच 21-23, 21-10, 21-17 से अपने नाम कर लिया

पेरिस। एजेंसी

पेरिस पैरालंपिक 2024 में शनिवार को तीसरे दिन महिला पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी मनप्रीत कौर ने ग्रुप स्टेज मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी सेलिन ऑरेली विनोट को शिकस्त देकर अंतिम 8 में जगह बना ली है। मनदीप ने ये मैच 21-23, 21-10, 21-17 से अपने नाम किया। यह मैच 43 मिनट तक चला। मनदीप कौर ने महिला एकल एसएल 3 ग्रुप बी मैच में ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी सेलिन के खिलाफ पहला गेम 23-21 से हार गईं।

भारतीय पैरा एथलीट ने अच्छी शुरूआत की थी, लेकिन ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने वापसी करते हुए पहला गेम अपने नाम किया और बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद मनदीप कौर ने अगले दोनों गेम में अच्छी वापसी की और मुकाबला अपने नाम किया। मनदीप ने दूसरा गेम 21-10 से और तीसरा गेम 21-17 से अपने नाम किया। इस तरह मनदीप ने यह मैच 21-23, 21-10, 21-17 से अपने नाम कर लिया। उल्लेखनीय है कि इस साल भारत ने पैरालिंपिक में अब तक का अपना सबसे बड़ा दल भेजा है, जिसमें 12 खेलों के 84 एथलीट शामिल हैं। भारत अब तक पेरिस पैरालंपिक में एक स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य समेत कुल चार पदक अपने नाम कर चुका है।

संक्षिप्त खबरें

मीरवाइज का एसीबी अध्यक्ष बने रहना तय

नई दिल्ली। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) के अध्यक्ष मीरवाइज अशरफ अगले तीन वर्षों तक बोर्ड का कार्यभार संभालेंगे। क्रिकबज की एक रिपोर्ट के अनुसार, एसीबी के एक शीर्ष अधिकारी ने नाम न बताने के अनुरोध पर शुक्रवार को से इस घटनाक्रम की पुष्टि की। 2021 में एसीबी के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किए गए अशरफ का कार्यकाल अगस्त 2023 में समाप्त होने की उम्मीद थी। एसीबी अधिकारी ने कहा पिछले तीन वर्षों के उनके प्रदर्शन के कारण, तालिबान सरकार ने अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में मीरवाइज अशरफ के नए कार्यकाल को तीन और वर्षों के लिए बढ़ा दिया है। उन्होंने कहा देखिए स्थिरता हमारी सफलता की कुंजी है और हम इसे महत्व देने की कोशिश करते हैं। पिछले तीन वर्षों में हमारे पास एक अध्यक्ष, एक सीईओ और एक कोच था।

मैनचेस्टर यूनाइटेड ने मैनुअल उगार्टे के साथ किया पांच साल का करार

नई दिल्ली। मैनचेस्टर यूनाइटेड ने ग्रीष्मकालीन स्थानांतरण विंडो की अंतिम तिथि पर पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) से उरुग्वे के मैनुअल उगार्टे के साथ पांच साल का अनुबंध किया है। उरुग्वे के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ने जून 2029 तक के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसे एक और साल के लिए बढ़ाने का विकल्प है। पिछले सीजन में 23 वर्षीय उगार्टे ने कोपा अमेरिका में पीएसजी के लिए प्रत्येक मैच खेला था। उन्होंने पीएसजी के साथ लीग और कप दोनों जीता था, साथ ही उन्हें टूर्नामेंट की टीम में नामित किया गया था। उन्होंने कुल 22 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। 2022/23 सीजन की शुरूआत के बाद से उगार्टे ने यूरोप की प्रमुख लीगों में प्रति 90 मिनट में दूसरे सबसे ज्यादा टैकल किए हैं।

कमर की चोट के कारण पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर हुए शोरिफुल इस्लाम

रावलपिंडी। बांग्लादेश के तेज गेंदबाज शोरिफुल इस्लाम कमर की चोट के कारण पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए। टॉस जीतने के बाद, जो आज दूसरे दिन ही हुआ, बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने कहा कि शोरफुल की जगह तस्कीन अहमद को अंतिम 11 में शामिल किया गया है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने शनिवार को एक बयान में कहा बांग्लादेश के तेज गेंदबाज शोरिफुल इस्लाम की कमर में खिंचाव है और पाकिस्तान के खिलाफ शनिवार को रावलपिंडी में शुरू हुए दूसरे टेस्ट मैच में चयन के लिए उनके नाम पर विचार नहीं किया जा सका। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने पहले मैच के बाद कमर के क्षेत्र में तकलीफ की शिकायत की थी।

पेरिस पैरालिंपिक : सुकांत कदम, सुहास यतिराज सेमीफाइनल में, एक पदक पक्का

पेरिस। भारतीय पैरा शटलर सुकांत कदम और सुहास यतिराज ने मिलकर पेरिस पैरालंपिक गेम्स 2024 के पुरुष एकल एसएल4 वर्ग में देश के लिए पदक पक्का कर लिया है। सुकांत ने शनिवार (31 अगस्त) को सेमीफाइनल में जगह पक्की की। चूंकि दोनों बैडमिंटन खिलाड़ी एक ही स्पर्धा में भाग ले रहे हैं, इसलिए देश के लिए कम से कम एक पदक पक्का है, क्योंकि अंतिम-चार चरण में दोनों खिलाड़ी हारे तो कांस्य पदक मुकाबले में आमने-सामने होंगे और जीते तो पदक का रंग बदल जाएगा। सुकांत ने अपने दूसरे ग्रुप बी मैच में थाईलैंड के टीमारोम सिरीपोंग पर 21-12, 21-12 से जीत दर्ज की, जिससे उन्हें ग्रुप में शीर्ष स्थान सुनिश्चित हो गया। टोक्यो पैरालिंपिक के रजत पदक विजेता और शीर्ष वरीयता प्राप्त सुहास ने ग्रुप ए में शीर्ष स्थान हासिल करके पहले ही सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली थी। सेमीफाइनल 1 सितंबर (रविवार) को खेला जाएगा, तभी पदकों का रंग और संख्या (एक या दो) निर्धारित की जाएगी।

खिलाड़ी मेजर ध्यान चंद्रजी को अपना आदर्श मानें : रितेश

मुरादाबाद। एजेंसी

खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश द्वारा स्व. मेजर ध्यान चंद के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को राष्ट्रीय खेल दिवस सप्ताह के अंतर्गत हाकी, बालक खो-खो, बालीबाल, बास्केटबाल व लेमन रेस के फाइनल मैच हुए। मुख्य अतिथि नगर विधायक रितेश गुप्ता व विशिष्ट अतिथि मुख्य कोषाधिकारी रेनू बौद्ध रहीं। क्षेत्रीय कीड़ाधिकारी प्रेम कुमार व क्षेत्रीय ओलम्पिक संघ के संयुक्त सचिव डा. अजय पाठक ने अतिथियों का बुकें एवं प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। अंत में मुख्य अतिथि रितेश गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि रेनू बौद्ध ने विभिन्न खेलों के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। नगर विधायक रितेश गुप्ता ने कहा कि खिलाड़ी मेजर ध्यान चंद्र को अपना आदर्श मानें। कोई भी खिलाड़ी जिस खेल को भी खेलें पूरे मन से खेले। कोई भी खेल छोटा या बड़ा नहीं होता हैं। खेल प्रतियोगिता में जीत दर्ज करने वाले खिलाड़ी अपने जिले, अपने प्रदेश और अपने देश का नाम रोशन करते हैं।

क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी प्रेम कुमार ने प्रतियोगिता के परिणाम की जानकारी देते हुए बताया कि हाकी में विजेता टीम पारकर इंटर कालेज और उप विजेता स्टेडियम बालक ए टीम, बालक खो-खो प्रतियोगिता में विजेता स्टेडियम ए टीम व उपविजेता टीम स्टेडियम बी टीम बनीं। इसी तरह बालीबाल विजेता टीम सोनकपुर स्टेडियम, उपविजेता जीएमएस कालेज, बास्केटबाल में विजेता टीम सोनकपुर स्टेडियम उपविजेता एसएनवीए क्लब बना। इसके अलावा लेमन रेस में बालक वर्ग प्रथम स्थान राजन, द्वितीय स्थान अदित्य, तृतीय शांतनु, बालिका वर्ग प्रथम में सोनी व द्वितीय आशी, तृतीय लक्ष्मी रहीं।

इस अवसर पर ललिता चौहान एथलेटिक्स प्रशिक्षक, नेहा हाकी प्रशिक्षक, मौ. आसिफ सिद्दीकी बैडमिंटन प्रशिक्षक, रूचि अग्रवाल, निशा वालीबाल प्रशिक्षक, धीरज कुमार, खो-खो प्रशिक्षक, ललिता चौहान, एथलेटिक्स प्रशिक्षक सीनियर खिलाडी अमित एवं सीएल वर्मा, प्रदीप सक्सैना, नरेशपाल उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का संचालन क्षेत्रीय खेल कार्यालय, मुरादाबाद द्वारा किया गया।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू सीरीज के लिए भारत की अंडर-19 टीम में चुने गए समित द्रविड़

नई दिल्ली। एजेंसी

ऑलराउंडर समित द्रविड़ को सितंबर और अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के खिलाफ होने वाली मल्टी-फॉर्मेट घरेलू सीरीज के लिए पहली बार भारत की अंडर-19 टीम में चुना गया है। उत्तर प्रदेश के मध्यक्रम के बल्लेबाज मोहम्मद अमान को 50 ओवर की टीम का कप्तान बनाया गया है, जबकि मध्य प्रदेश के सोहम पटवर्धन चार दिवसीय मैचों के लिए टीम की अगुआई करेंगे। भारत के पूर्व कप्तान और कोच राहुल द्रविड़ के बेटे हैं समित द्रविड़ भारत के पूर्व कप्तान और कोच राहुल द्रविड़ के बेटे द्रविड़ ने हाल ही में कर्नाटक में अपना पहला सीनियर पुरुष टी20 टूर्नामेंट - महाराजा टी20 ट्रॉफी - खेला, जहां वे मैसूर वारियर्स टीम का हिस्सा हैं। मध्यक्रम में बल्लेबाजी करते हुए, द्रविड़ ने सात पारियों में 114 की स्ट्राइक रेट से 82 रन बनाए, लेकिन उन्हें मध्यम गति की गेंदबाजी करने के लिए नहीं बुलाया गया।

भारतीय अंडर-19 पचास ओवर टीम:-
रुद्र पटेल (उपकप्तान), साहिल पारख, कार्तिकेय केपी, मोहम्मद अमान (कप्तान), किरण चोरमले, अभिज्ञान कुंडू (विकेटकीपर), हरवंश सिंह पंगालिया (विकेटकीपर), समित द्रविड़, युधाजीत गुहा, समर्थ एन, निखिल कुमार, चेतन शर्मा, हार्दिक राज, रोहित राजावत, मोहम्मद एनान।

यूपी वॉरियर्स टीम ने अली फजल, श्वेता त्रिपाठी के साथ लखनऊ के छात्रों से की मुलाकात

लखनऊ। एजेंसी

देश की सबसे वाइब्रेंट महिला क्रिकेट टीमों में से एक यूपी वॉरियर्स ने अभिनेता अली फजल और श्वेता त्रिपाठी शर्मा के साथ खूबसूरत शहर लखनऊ का दौरा किया। इनके साथ टीम की उप-कप्तान दीप्ति शर्मा, साथी साइमा ठाकोर और अंजलि सरवानी भी मौजूद थीं। 72 घंटों के दौरान, क्रिकेटरों और अभिनेताओं ने बहु-सांस्कृतिक शहर लखनऊ में 6,500 छात्रों से मुलाकात की और क्रिकेट में महिलाओं, महिला सशक्तिकरण और निश्चित रूप से खेल और सामान्य रूप से समावेशिता के महत्व जैसे विषयों पर उनसे विस्तार से बातचीत की। 28 अगस्त को यह कारवां नवाबों के शहर की सड़कों पर निकला और ला मार्टिनियर गर्ल्स कॉलेज, लाल बहादुर शास्त्री गर्ल्स कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट, एरा यूनिवर्सिटी, इंटीग्रल यूनिवर्सिटी और एमिटी यूनिवर्सिटी में रुका।

इस अवसर पर दीप्ति शर्मा ने कहा उत्तर प्रदेश मेरा प्रदेश है और मेरी यह घर वापसी मेरे लिए कुछ दिनों के लिए बहुत अलग लेकिन दिल को छू लेने वाली रही। अंजलि, साइमा, अली और श्वेता जैसे कई होशियार छात्रों से मिलना, जिनकी कहानियां उन्हें प्रेरित करने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने वाली हैं। यूपी में अपार प्रतिभा है और मुझे विश्वास है कि ये युवा अपनी छाप छोड़ेंगे।

वाणिज्य

शेयर बाजारों में सप्ताह भर तेजी रही

मुंबई। एजेंसी

अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद और घरेलू निवेशकों की खरीदारी के समर्थन के दौरान बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों में तेजी दर्ज की गई। सप्ताह की शुरूआत में बढ़त पर खुले शेयर बाजार शुक्रवार को भी तेजी के साथ बंद हुए। बीते सप्ताह भर के कारोबारी दिनों पर नजर डालें तो सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को घरेलू शेयर बाजार की शुरूआत तेजी के साथ हुई। भारतीय बेंचमार्क सूचकांक एसएंडपी सेंसेक्स और निफ्टी 50 ने सोमवार को मजबूती के साथ शुरुआत की।

बीएसई सेंसेक्स 0.27 प्रतिशत की बढ़त के साथ 81,304 पर खुला और 611.90 अंक चढ़कर 81,698 पर बंद हुआ। जबकि निफ्टी 50 24,906 के स्तर पर 0.33 प्रतिशत बढ़कर खुला और 187.45 अंकों की मजबूती के साथ 25,010.60 के स्तर पर बंद हुआ। मंगलवार के कारोबारी दिन भारतीय प्रमुख सूचकांक बीएसई सेंसेक्स और निफ्टी 50 की सुस्त शुरूआत हुई।

शुरुआती कारोबार में बीएसई सेंसेक्स .07 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,640.15 पर खुला और 13.65 अंकों की बढ़त के साथ 81,711.76 पर बंद हुआ। निफ्टी 50, 25,024 के स्तर खुला और 7.16 की बढ़त के साथ 25,017.75 पर बंद हुआ। बुधवार को सेंसेक्स 261.85 अंक मजबूत होकर 81,990.56 के स्तर पर खुला और 73.80 अंक मजबूत होकर 81,785.56 पर बंद हुआ। निफ्टी 84.71 अंक उछलकर 25,102.45 के स्तर पर खुला और 34.60 अंकों की बढ़त के साथ 25,052.35 पर बंद हुआ। एनवीडिया के नतीजों के बाद बुधवार की रात अमेरिकी बाजार में आई गिरावट का असर भारतीय शेयर बाजार पर भी देखा गया। भारतीय शेयर बाजार की शुरूआत गुरुवार को कमजोर रही।

जीतन राम माझी ने खादी के व्यापक प्रचार-प्रसार और इसको अपनाने पर दिया जोर

नई दिल्ली। एजेंसी

केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्री जीतन राम मांझी ने शनिवार को खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) क्षेत्र के प्रदर्शन और खादी महोत्सव, 2024 की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने देश में खादी के व्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से इस क्षेत्र में प्रयास करने और व्यापक रूप से इसको अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय ने जारी बयान में बताया कि केंद्रीय मंत्री जीतन राम माझी ने केवीआईसी के द्वारा अक्टूबर-2024 में आयोजित होने वाले खादी और ग्रामोद्योग क्षेत्र के प्रदर्शन और खादी महोत्सव, 2024 पर एक समीक्षा बैठक की। उन्होंने इस समीक्षा बैठक में लोगों को खादी को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन में योगदान के लिए केंद्र सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के कार्यान्वयन के बारे में बताया। मंत्रालय के मुताबिक इस बैठक का आयोजन देश में खादी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया। इस समीक्षा बैठक में केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे और खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के सचिव, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के संयुक्त सचिव, केवीआईसी के सीईओ, और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय और खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

कई राज्यों में पेट्रोल-डीजल हुआ सस्ता

नई दिल्ली। भारतीय तेल कंपनियां अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल के आधार पर कीमतों की समीक्षा के बाद रोज पेट्रोल और डीजल के दाम तय करती हैं। सरकारी तेल कंपनियों पेट्रोल और डीजल का नए भाव जारी करती है। जिसके मुताबिक बिहार-यूपी सहित कई राज्यों में पेट्रोल-डीजल सस्ता हो गया है। बिहार में पेट्रोल 22 पैसे घटकर 107.09 रुपये प्रति लीटर और डीजल 21 पैसे घटकर 93.81 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। वहीं यूपी में पेट्रोल 31 पैसे घटकर 94.25 रुपये प्रति लीटर और डीजल 7 पैसे घटकर 87.57 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। महाराष्ट्र में पेट्रोल के दाम 20 पैसे घटकर 104.24 रुपये प्रति लीटर और डीजल 20 पैसे घटकर 90.77 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। देश के महानगरों में पेट्रोल-डीजल की कीमत इस प्रकार है- दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये और डीजल की कीमत 87.62 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपये और डीजल की कीमत 89.97 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 104.95 रुपये और डीजल की कीमत 91.76 रुपये प्रति लीटर और चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल की कीमत 92.34 रुपये प्रति लीटर है।

सरकार ने एनएचपीसी लिमिटेड को 'नवरत्न' कंपनी का दिया दर्जा

नई दिल्ली। एजेंसी

सार्वजनिक क्षेत्र की एनएचपीसी लिमिटेड को केंद्र सरकार ने 'नवरत्न' कंपनी का प्रतिष्ठित दर्जा प्रदान किया है। इसके अलावा सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के अन्य उपक्रमों एसजेवीएन और एसईसीआई को भी 'नवरत्न' का दर्जा दिया है।

विद्युत मंत्रालय ने शनिवार को जारी बयान में बताया कि सार्वजनिक उद्यम विभाग (वित्त मंत्रालय) द्वारा 30 अगस्त, 2024 को जारी आदेश के मुताबिक एनएचपीसी को 'नवरत्न' कंपनी घोषित किया गया है, जिससे इसे अधिक परिचालन और वित्तीय स्वायत्तता प्राप्त हुई है। एनएचपीसी के सीएमडी आरके चौधरी ने जारी बयान में कहा कि यह एनएचपीसी परिवार के लिए वास्तव में ऐतिहासिक क्षण है। ये हमारी उल्लेखनीय वित्तीय और परिचालन उपलब्धियों की मान्यता है। उन्होंने एनएचपीसी परिवार की ओर से विद्युत मंत्रालय के प्रति उनके अटूट विश्वास और उनके समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। नवरत्न का दर्जा मिलने से एनएचपीसी को कई प्रमुख लाभ प्राप्त हुए हैं। इससे निर्णय लेने में तेजी आएगी, कार्यकुशलता बढ़ेगी और कर्मचारी सशक्त बनेंगे। यह प्रमुख पूंजीगत व्यय और निवेश योजनाओं को समर्थन देगा। इसके अलावा यह विकास को गति देगा, बाजार पहुंच का विस्तार करेगा और दीर्घकालिक लाभ प्राप्त करेगा।

संक्षिप्त समाचार

अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा की मथुरा में सम्पन्न हुई बैठक

चमकता राजस्थान। जयपुर/ मथुरा (खलील कुरैशी) अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा कीकेन्द्रीयकार्यकारिणी की पांचवी बैठक शुक्रवार,30 अगस्त को मथुरा के होटल मधुबन में वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री विनोद जैन दिल्ली की अध्यक्षता में पूर्व अध्यक्ष देवकीनन्दन महवा, सुमतप्रकाश जैन इन्दौर साथ ही वरिष्ठ एड़वोकेट ओमप्रकाश जैनदांतिया,पल्लीवाल पत्रिका संयोजक चन्द्रशेखर पल्लीवाल पत्रिका संपादक प्रकाश चन्द , सुमत चन्द अलवर,ओमप्रकाश मुरैना, अजित अलवर,सुनील जैन आगरा, राजेन्द्र जैन नौगांवा आदि की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुई।देश के सभी 60 प्रतिनिधिओं में से 45 क्षेत्रों के प्रतिनिधि/पदाधिकारी के साथ 20 से अधिक शाखाओं के अध्यक्ष/मंत्री एवं गणमान्य समाजजन बैठक में उपस्थित रहें।इस अवसर पर महासभा के विधान एवं भावनाओं के विरुध्द कार्य कर रहें रा.अध्यक्ष त्रिलोक चन्द जैन एवं रा.अर्थमंत्री भागचन्द जैन जिन्हें पूर्व में इस आशय का नोटिस जारी किया हुआ था,के द्वारा नोटिस का जवाब नहीं देने और लगातार संस्था विरोधी कार्य में संलग्न रहने से सदन ने उन्हें सर्वसम्मति से संस्था की प्राथमिक सदस्यता से आजीवन के लिए निष्कासित करते हुए अपने अपने पदों से बर्खास्त कर दिया साथ ही अगामी चुनाव तक के लिए सर्वसहमती से आगरा से क्षेत्रीय प्रतिनिधि चौधरी तपेश जैन को कार्यवाहक रा.अध्यक्ष एवं जयपुर से क्षेत्रीय प्रतिनिधि श्री अनिल जैन को कार्यवाहक रा.अर्थ मंत्री नियुक्त किया।समाज में विभिन्न प्रकार से अवरोध उत्पन्न करने के लिए पारस जैन जयपुर,अमित जैन अलवर एवं मुकेश जैन जयपुर को 6 वर्ष के लिए संस्था की प्राथमिक सदस्यता सेनिष्कासित किया गया।महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री महेश जैन ने बताया कि इस अवसर पर राहुल जैन,विमल जैन,विजय जैन,सतीश बजाज,भागचन्द जैन,पवन चौधरी,अशोक जैन,संजीव जैन आदि की उपस्थिती रहीं।

शिक्षा विभाग द्वारा भामाशाह मोहन जाट का किया गया सम्मान

चमकता राजस्थान। शाहपुरा (खलील कुरैशी)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश में शैक्षणिक उन्नयन के लिए अहर्निश प्रयासरत है। भामाशाहों की ओर से दिए जा रहे सहयोग से गुणवत्तायुक्त शिक्षा, विद्यालयों में सुविधाओं के विस्तार पर कार्य हो रहा है ऐसे में शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित किये जा रहें हैं! इसी क्रम में मोहनलाल जाट पुत्र स्वर्गीय बोदूराम जाट निवासी खोरा लड़खानी जिनके द्वारा माध्यमिक विद्यालय माध्यमिक विद्यालय सकतपुर खोरा लाड़खानी में 8 लाख रुपए की लागत से डिजिटल क्लासरूम तैयार करके सौंपने के उपलक्ष में शिक्षा विभाग के संयुक्त निदेशक मंजू शर्मा के नेतृत्व में मोहनलाल जाट को जयपुर स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय गांधीनगर में आयोजित सम्मान समारोह में भामाशाह के रूप में प्रशंसा पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया है।

28वां राज्य स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह

भामाशाह देवतुल्य, उनके दिए एक-एक पैसे का होगा सदुपयोग: मदन दिलावर

चमकता राजस्थान

जयपुर /उदयपुर (खलील कुरैशी)। शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश में शैक्षणिक उन्नयन के लिए अहर्निश प्रयासरत है। भामाशाहों की ओर से दिए जा रहे सहयोग से गुणवत्तायुक्त शिक्षा, विद्यालयों में सुविधाओं के विस्तार पर कार्य हो रहा है। शिक्षा मंत्री होने के नाते भामाशाहों नको विश्वास दिलाता हूं कि उनके द्वारा दान की गई राशि के एक-एक पैसे का सदुपयोग होगा। शिक्षा मंत्री दिलावर रविवार को । मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय परिसर स्थित स्वामी विवेकानंद सभागार में शिक्षा ड्ड विभाग के तत्वावधान में आयोजित 28वें राज्य नस्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने की। राज्य सभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया, लोकसभा सांसद डॉ मन्नालाल रावत, उदयपुर विधायक ताराचंदजैन, उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, गोगुन्दा विधायक प्रतापगमेती, वल्लभनगर और विधायक उदयलाल डांगी, राजसमंद विधायक दोप्ति किरण माहेश्वरी, पूर्व विधायक बंशीलाल खटीक, जिला प्रमुख ममता पंवार, महापौर जीएस टांक, समाजसेवी रविन्द्र माली, चंद्रगुप्त सिंह चौहान, प्रमोद सामर, उप महापौर पारस सिंघवी, उप जिला प्रमुख पुष्कर तेली, निदेशक संस्कृत शिक्षा पूनम सहित अन्य जनप्रतिनिधि बतौर विशिष्ट अतिथि मंचासीन रहे।

● अनेक नवाचारों से कराया अवगत

शिक्षामंत्री दिलावर ने राज्य सरकार और शिक्षा विभाग की ओर से किए जा रहे नवाचारों से भी अवगत कराया। उन्होंने कहा कि विद्यालय परिसर को साफ-सुथरा रखने पर जोर दिया जा रहा है, ताकि शैक्षिक वतावरण अच्छा रहे। स्कूल समय में किसी भी शिक्षक को पूजा-पाठ अथवा अन्य धार्मिक कार्यक्रम के लए जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। शिक्षकों को कक्षा- कक्षा में मोबाइल ले जाने की अनुमति नहीं होगी। साथ ही बच्चे को साप्ताहिक रिवीजन कराने की भी व्यवस्था भी लागू की जा रही है। उन्होंने शीतकालीन अवकाशों में भी बदलाव के स्केत देते हुए कहा कि अब जब कड़ाके की टण्ड होगो तभी शीत्कालीन अवकाश घोषित किए जाएंगे।पहली बार राजधानी जयपुर से बाहर उदयपुर में आयोजित हो रहे राज्य स्तरीय समारोह में शिक्षा मंत्री दिलावर ने कहा कितत्कालीन मुख्यमंत्री भैरोसिंह शेखावत ने वर्ष 1995 में भामाशाहों के सम्मान की परिपाठी शुरू की, जो आज भी जारी है। इसके सकारात्मक परिणाम भी मिल रहे हैं। इस वर्ष प्रदेश के विद्यालयों के लिए 140 करोड़ रूपए से अधिक की राशि का सहयोग भामाशाहों के माध्यम से प्राप्त हुआ। उक्त राशि से विद्यालय में भौतिक सुविधाओं के साथ ही स्मार्ट क्लासेज, संसाधन आदि को व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने दान का महत्व बताते हुए कहा कि जिस तरह कुएं से सिंचाई के लिए पानी निकालने पर कुछ ही घंटो में कुआं वापस भर जाता है, इसी प्रकार धन को सङ्कर्म में लगाने दुगुने लाभ की प्राप्त होती है।से उन्होंने कहा कि दूसरों की पीड़ा समझने वाला कभी साधारण नहीं हो सकता। शिक्षा के लिए दान देने वाले सभी भामाशाह देवतुल्य हैं, जो बच्चों की पढ़ाई में आने वाली पीड़ा को समझते हुए उनके लिए सुविधाएं जुटाने सहयोग करते हैं।

'नजर सिटीजन ऐप' का जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने किया प्रमोशन

चमकता राजस्थान

जयपुर (खलील कुरैशी .) । पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने रविवार को महेश नगर थाना इलाके में नजर सिटीजन ऐप का प्रमोशन किया। इस दौरान उनके साथ एडिशनल पुलिस कमिश्नर कुंवर राष्ट्रदीप, एडिशनल डीसीपी साउथ पारस जैन सहित कमिश्नरेट के अधिकारी और पुलिस जाब्ता मौजूद रहा।महेश नगर व्यापार मंडल के सदस्यों को इस दौरान एडिशनल पुलिस कमिश्नर कुंवर राष्ट्रदीप ने बताया कि नजर सिटीजन ऐप क्यों बनाई गई है। इस के आप को कैसे फायदा होगा। वहीं, इसे कैसे इस्तेमाल करना है। इस दौरान व्यापारियों के कई सवाल किए जिसका अधिकारियों ने जवाब दिए। अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर कुंवर राष्ट्रदीप ने बताया कि नजर सिटीजन ऐप का इस्तेमाल बहुत आसान है। पहले प्ले स्टोर में जाए और नजर ऐप को इंस्टॉल करें। ऐप जैसे ही ओपन होगी गेट स्टार्ट पर क्लिक करना होगा। फिर आप के मोबाइल पर एक ओटीपी आएगा। ओटीपी डाल कर वेरीफाई ओटीपी पर क्लिक करें। ऐप आप की लोकेशन पर एक्सेस मांगेगा तो वाइल यूजिंग दी ऐप शहर के लिए पर क्लिक करें। इस के बाद इन्फॉर्मेशन शेयर कर दें। जिस में आप का नाम, पिता का नाम ईमेल आईडी भरें है। इसके बाद नेक्ट बटन दबाने पर राज्य का कॉलम आएगा। स्टेट सेलेक्ट करें फिर सिटी सेलेक्ट करें, फिर थाना सेलेक्ट करें उसके बाद आप का पता और पिनकोड भर दें। इस के बाद आप से आईडी मांगी जाएगी। इसमें आप किसी को भी चुन सकते हैं। इसके बाद आप का प्रोसेस पूरा हो जाएगा। इस के बाद आप ऐप को दोबारा से ओपन करें। इसके बाद डैशबोर्ड पर बहुत सारे विकल्प नजर आएंगे। विकल्प को चुन कर आगे बढ़े। अगर आप मकान मालिक है तो प्रॉपर्टी के विकल्प को चुने इसके बाद बिजली के बिल पर आने वाला 12 अंकों का के नम्बर डालें, जिसके बाद एंटर प्रॉपर्टी नेम के विकल्प में अपने मकान का नाम और पूरा पता भरें। फिर अगले विकल्प में आप प्रॉपर्टी चुने, फिर एक दोबारा से राज्य शहर और थाना चुने। इसके बाद आप को अपनी प्रॉपर्टी की फोटो अपलोड करनी होगी। इसके लिए मकान की 3 अलग-अलग फोटो खींचकर अपलोड कर दे, सब्मिट पर क्लिक कर देंगे तो पुलिस को आप की जानकारी पहुंच जाएगी। इसी प्रकार से किरायेदार की जानकारी भी साझा करनी हैं।

राजस्थान विश्वविद्यालय स्पोर्ट्स प्रांगण में खेल महोत्सव का हुआ भव्य एवं यादगार समापन

चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी) राजस्थान विश्वविद्यालय स्पोर्ट्स ग्राउंड में चल रहे 7 दिवसीय खेल महोत्सव का समापन हुआ. आरयू स्पोर्ट्स बोर्ड डॉ प्रीति शर्मा ने बताया 7 दिन पारंपरिक खेल व क्रिकेट, वॉलीबॉल,हॉकी,टेबल टेनिस समेत कई खेल खेले गए.विजेता टीमों को मेडल व ट्रॉफी देकर प्रोत्साहन किया गया साथ ही खेल महोत्सव में प्रोफेसर,कर्मचारी व विद्याथियों ने भाग लिया.खिलाड़ियों ने काफी उत्साह दिखाया साथ ही फिट रहने के लिए रोजाना खेल शारीरिक गतिविधि करने की शपथ ली. स्पोर्ट्स बोर्ड ने बताया इस खेल महोत्सव से प्रतिभाओं को निखारने का मौका मिला.विद्याथियों द्वारा निरंतर अभ्यास किया जायेगा। इस मौके पर डॉ प्रीति शर्मा, डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो रामावतार शर्मा, एचओडी सरीना कालिया, डॉ सुरेंद्र मीणा,डॉ शैलेश मौर्य, डॉ रश्मि बुंदेला, डॉ रागिनी राणावत, डॉ वंदना अग्रवाल मौजूद रही।

भाजपा की रीति-नीति को जन-जन तक पहुँचाये, समाज के प्रत्येक वर्ग को पार्टी से जोड़े : मीणा

भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर हुआ विधानसभा स्तरीय कार्यशाला का भव्य आयोजन

● जिला संयोजक व जमवारामगढ़ विधायक महेन्द्रपाल मीणा, कोटपूतली विधायक हंसराज पटेल ने किया सम्बोधित ।

चमकता राजस्थान

कोटपूतली बहरोड (धर्मेंद्र बंसल)। प्रदेश भर में जारी भारतीय जनता पार्टी का संगठन पर्व सदस्यता अभियान निरन्तर गति पकड़ रहा है। इसी क्रम में सदस्यता अभियान के कोटपूतली विधानसभा के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये विधानसभा स्तरीय कार्यशाला का आयोजन रविवार को राजमार्ग के सर्विस लेन स्थित डाक बंगला परिसर में अभियान के जिला संयोजक व जमवारामगढ़ विधायक महेन्द्रपाल मीणा के मुख्य आतिथ्य एवं क्षेत्रीय विधायक हंसराज पटेल की अध्यक्षता में हुआ। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुये मुख्य अतिथि मीणा ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय की विचारधारा एकात्म मानववाद के साथ शुरू होकर अन्त्योदय का लक्ष्य रखने वाली भाजपा प्रत्येक जाति, वर्ग, धर्म, समुह व सम्प्रदाय के कल्याण के लिये कार्य करती है। इसीलिये भाजपा की रीति-नीति एवं केन्द्र व राज्य सरकार की डबल इंजन सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को गाँव-ढ़ाणी में जन-जन तक पहुंचाकर समाज की पंक्ति में अन्तिम पायदान पर खड़े प्रत्येक व्यक्ति को भाजपा से जोडने़ का कार्य करें। अध्यक्षता करते हुये विधायक पटेल ने कहा कि कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र में किसान, पिछड़ा, दलित, पीड़ित, शोषित, वंचित समेत प्रत्येक वर्ग का भाजपा के प्रति विश्वास जागा है। निश्चित ही कोटपूतली विधानसभा में तय लक्ष्य की प्राप्ति होगी एवं भाजपा के बड़े हुये कुनबे का लाभ आगामी नगरीय निकाय एवं पंचायती राज चुनाव में पार्टी को मिलेगा। सदस्यता अभियान के विधानसभा संयोजक जयराम सिंह गुर्जर ने प्रगति रिपोर्ट से अवगत करवाया। इस दौरान भाजपा नेता मुकेश गोयल व यादराम जांगल, सह संयोजक राजेन्द्र सिंह, सिद्धार्थ टोरड़ा, कपिल शर्मा, उप प्रधान प्रतिनिधि एड. राजेन्द्र रहीसा, मण्डल अध्यक्ष एड. रमेश रावत, कैलाश स्वामी, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष कमल सैनी, रविन्द्र सिंह शेखावत, मंगल यादव, सोनू चौधरी, नीरज पटेल, कमल पटेल, हव. कमलेश छावड़ी, शीशराम गुर्जर, रघुवीर गोयल, विकास डोई, नगर मंडल संयोजक अरूण सैनी, राकेश कसाना, सीताराम बंसल, दिलीप यादव समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

एसीबी ने महानिदेशक पुलिस डॉ रवि प्रकाश मेहरड़ा के निर्देशन में करी विधिसम्मत कार्रवाई

भीलवाड़ा में पुलिस थाना गुलाबपुरा के सहायक उपनिरीक्षक पुलिस 1 भीलवाड़ा में पुलिस लाख रुपये रिश्वत राशि वापस देते गिरफ्तार

चमकता राजस्थान

जयपुर! (खलील कुरैशी) 01 सितम्बर, रविवार। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. की भीलवाड़ा-प्रथम इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये नेतराम जाट सहायक उपनिरीक्षक पुलिस पुलिस थाना गुलाबपुरा, जिला भीलवाड़ा को 1 लाख रुपये रिश्वत राशि वापस लौटाते हुये गिरफ्तार किया है। सहयोगी कानिस्टेबल रफीक खान कानिस्टेबल फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी. बी.कीभीलवाड़ा-प्रथम इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि दिनांक 10-8-2024 को उसका लड़का एवं उसका दोस्त देर रात विजयनगर से गाड़ी से 3 लाख 60 हजार रुपये लेकर आ रहे थे। आरोपी नेतराम जाट सहायक उपनिरीक्षक पुलिस एवं रफीक खान कानिस्टेबल पुलिस थाना गुलाबपुरा, जिला भीलवाड़ा उन्हें रोककर मुकदमें में बंद करने की धमकी दी तथा उनके पास जो रुपये थे, वो अवैध रूप से अपने पास रख लिये तथा 7 लाख रूपये और रिश्वत राशि की मांग की। उन्हें छोड़ने की एवज में 1 लाख 40 हजार रुपये और वसूल कर लिये। जब परिवादी ने उनसे रिश्वत के रूप में लिये 5 लाख रुपये लौटाने की बात की तब उन्होंने कहा कि तेरे बेटे ने हमारी फोन की रिकार्डिंग कर ली है। उसे डिलीट करने पर ही हम आपको 3 लाख रुपये वापस कर देंगे।जिस पर एसीबी के उप महानिरीक्षक पुलिस श्री रणधीर सिंह के सुपरवीजन में एसीबी की भीलवाड़ा-प्रथम इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ब्रजराज सिंह चारण के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज उप अधीक्षक पुलिस पारसमल द्वारा मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी नेतराम जाट सहायक उपनिरीक्षक पुलिस पुलिस थाना गुलाबपुरा, जिला भीलवाडा को परिवादी को 1 लाख रुपये रिश्वत राशि लौटाते गिरफ्तार किया है। सहयोगी कानिस्टेबल रफीक खान कानिस्टेबल फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है।एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने समस्तप्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की हैल्पलाईन नं. 1064 एवं हँ३रंस्त्रस्त्र हैल्पलाईन नं. 94135-02834 पर 24७7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।

सहयोगी कानिस्टेबल फरार तलाश जारी

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929